

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 7 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-160 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### निकाय चुनाव और जाति जनगणना पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

**रायपुर,7 सितंबर।** निकाय चुनाव की प्रणाली को लेकर सरकार के सुझाव लेने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि सरकार कन्फ्यूज है, और डरी हुई भी है, इसीलिए निकाय चुनाव की प्रणाली तय नहीं कर पा रही है. वहीं मामले में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने एक साथ निकाय और पंचायत चुनाव के लिए चुनाव गठित समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद चर्चा करने की बात कही. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरक्षण निर्धारित करने जातिगत जनगणना पर कहा कि राहुल गांधी ने मसला उठाया है. केंद्र सरकार क्यों जातिगत जनगणना नहीं चाहती है. सभी समुदायों की जनगणना होनी चाहिए. जितनी आबादी, उतना हक का निर्णय कांग्रेस ने लिया है. उसका लाभ लोगों को मिले. वहीं पिछड़ा वर्ग का आरक्षण निर्धारित करने हो रहे सर्वे पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है. आने वाले दिनों में निकाय और पंचायत के चुनाव हैं. राज्य में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया है. पिछड़ा वर्ग का आरक्षण निर्धारित करने पर सरकार विचार करेगी.

### भाजपा के सदस्यता अभियान पर सियासत

**रायपुर,7 सितंबर।** भाजपा की सदस्यता अभियान पर सियासत गरमाई हुई है. इस अभियान को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा में अपराधी मिस कॉल देकर शामिल हो रहे हैं. इस बयान पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, दीपक बैज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं, उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए. अगर कोई अपराधी है तो दीपक बैज उसका नाम बताएं. कांग्रेस में रहे तो अच्छा, भाजपा में आ जाए तो अपराधी है. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश में कांग्रेस के आंदोलन को लेकर कहा, कांग्रेस के पास सड़क पर उतरने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है. 5 साल कांग्रेस जनता से दूर रही. जनता का शोषण किया, अब तो सड़क पर ही आएंगे. कांग्रेस जांच दल की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो रही, इस पर मंत्री श्यामबिहारी ने कहा, हर घटना में खुद कांग्रेस के आदमी शामिल हैं. जांच दल की रिपोर्ट सार्वजनिक कैसे करेंगे. बलौदाबाजार घटना की रिपोर्ट क्यों नहीं बताते, सबको पता है कि उनके नेता ने भड़काया.

### मेडिकल कॉलेज की तीसरी मंजिल से युवक ने लगाई छलांग

**रायगढ़,7 सितंबर।** जिले के मेडिकल कॉलेज में एक युवक ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी. गनीमत रही कि युवक छलांग लगाने के बाद मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग में लगे एसी टनल के फ्लोर में अटक गया, जिससे उसकी जान बची. युवक ने एसी टनल के फ्लोर में फंसने के बाद जमकर हंगामा मचाया. इस दौरान सुरक्षा अधिकारी और मेडिकल स्टाफ ने उसे रोकने के लिए काफी जद्दोजहद की और उसे सुरक्षित बाहर निकाला. जानकारी के मुताबिक, युवक को तीसरी मंजिल पर एडमिट किया गया था, जहां उसका इलाज जारी था. पुलिस की प्रारंभिक जांच में जानकारी मिली कि, युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी. युवक ने कल शाम(शुक्रवार) अचानक तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की, लेकिन एसी टनल वाले फ्लोर में जा फंसा, वहां उसने हंगामा करना शुरू कर दिया. उसने मेडिकल कॉलेज की कांच की खिड़की भी तोड़ दी. युवक का ड्रामा लगभग 10 मिनट तक चला, जिसके बाद मेडिकल कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड ने साहस दिखाते हुए युवक पर काबू पाया और सुरक्षित तरीके से उसे नीचे उतारा.वहीं इस घटना के बाद मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं.



## मुख्यमंत्री निवास में विराजे विघ्नहर्ता

रायपुर, 7 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना कीमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना कीमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना कीमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर अपने रायपुर निवास में पूरे विधि विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की। मुख्यमंत्री ने परिजनों के साथ पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वन एवं जल वायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद सहित निवास कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी इस अवसर पर भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री साहू ने सख्त लहजे में चेताया

## रेलवे प्रशासन के रवैये से आम जनता परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,7 सितंबर।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू बिलासपुर में प्रदेश के अन्य सांसदों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मण्डल के अधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने रेलवे की अधिकारों को सख्त लहजे में कहा कि हम और आप सब जनता को बेहतर सुविधा और सेवा देने के लिए हैं, लेकिन रेलवे प्रशासन की रवैया से आम लोगों की कठिनाई बढ़ती जा रही है.

बैठक में बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने कहा कि रेलवे का कार्य सिर्फ माल गाड़ी की ढुलाई नहीं है, बल्कि जनता की आवागमन की सुविधाएं महत्वपूर्ण हैं. रेलवे रूट की सर्वे में ऐसे क्षेत्र का चयन करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा जनता लाभान्वित हो सकें. यह क्षेत्र की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग है, जिसके कार्यों में तेजी से शीघ्रता लाएं. इसके साथ उन्होंने कहा कि कोविड के समय से जो स्टेशनों पर रेलवे की ठहराव बंद हुआ है उसमें पुनः स्टापेज किया जाए. इसके साथ उन्होंने कटघोरा - मुंगेली - डोंगरगढ़ रेलवे लाइन परियोजना को लेकर विशेष जोर दिया. सांसद ने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, जिसमें रेलवे का भी अहम योगदान



है और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस शताब्दी के तीसरी दशक को रेलवे की कायाकल्प का दौर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रहे हैं . बिलासपुर डिविजन के 16 रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन में शामिल किया गया है.बैठक में सांसद तोखन साहू ने कहा कि सभी सांसद औसतन 20-25 लाख जनता की प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें संसदीय क्षेत्र की जनता रेलवे की सुविधाओं को लेकर उम्मीद और विश्वास से देखती है. लेकिन रेलवे की ओर से सांसदों से मांगें गए प्रस्ताव पर निराशाजनक उत्तर प्राप्त हुआ है, जो खेद का विषय है. उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कार्य की यह संस्कृति उचित नहीं है. रेलवे प्रशासन को जनता की सुविधाओ का ध्यान रखना होगा और जनप्रतिनिधियों की मांगों और सुझावों को सुनकर क्रियान्वयन भी करना होगा.

## विनेश और बजरंग की राजनीति में एंट्री पर भड़के बृजभूषण

**गोंडा ,7 सितंबर।** गोंडा में भारतीय पहलवान विनेश फोगट और बजरंग पुनिया के कांग्रेस में शामिल होने पर पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष और भाजपा नेता बृज भूषण शरण सिंह ने हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 18 जनवरी 2023 में जब जंतर-मंतर पर धरना शुरू हुआ था तो मैंने पहले दिन कहा था कि यह खिलाड़ियों का आंदोलन नहीं है, इसके पीछे कांग्रेस है। विशेषकर भूपेंद्र हुड्डा, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी। उन्होंने कहा कि आज यह बात सच साबित हुई कि इस पूरे आंदोलन में जो हमारे खिलाफ षड्यंत्र के तहत किया गया, उसमें कांग्रेस शामिल थी और इसका नेतृत्व भूपेंद्र हुड्डा कर रहे थे। मैं हरियाणा के लोगों को बताना चाहता हूं कि भूपेंद्र हुड्डा, दीपेंद्र हुड्डा, बजरंग या विनेश, ये लोग लड़कियों के सम्मान के लिए (धरने पर) नहीं बैठे थे।

इनके कारण हरियाणा की बेटियों को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। इसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं, इसके लिए भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा और ये प्रदर्शनकारी जिम्मेदार हैं। वे उस दिन क्या जवाब देंगे जब यह साबित हो जाएगा कि जिस घटना के आरोप लगाए जा रहे हैं, उस दिन मैं दिल्ली में मौजूद नहीं था? उन्होंने राजनीति के लिए बेटियों का इस्तेमाल किया, बेटियों को बदनाम किया। वे बेटियों के सम्मान के लिए नहीं लड़ रहे थे, वे राजनीति के लिए लड़ रहे थे। पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि हरियाणा खेल के क्षेत्र में भारत का सिरमौर है। जिस तरह से इन लोगों ने कुश्ती गतिविधियों को लगभग 2.5 साल तक रोक दिया, क्या यह सच नहीं है कि बजरंग एशियाई खेलों में बिना ट्रायल के चले गए? मैं उन लोगों से पूछना चाहता हूं जो कुश्ती के विशेषज्ञ हैं, मैं विनेश फोगट से पूछना चाहता हूं कि क्या कोई खिलाड़ी एक दिन में दो भार श्रेणियों में ट्रायल दे सकता है? क्या वजन मापने के बाद 5 घंटे के लिए ट्रायल रोके जा सकते हैं?



## गणेश जी की प्रतिमा को खंडित करने से तनाव

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,7 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में एक बार फिर से धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का काम किया गया है , गणेश चतुर्थी की एक रात पहले शुक्रवार को अज्ञात युवक ने पंडाल में रखी गणेश प्रतिमा को तोड़ दिया। घटना के बाद हिंदू संगठनों ने देर रात आजाद चौक थाने का घेराव कर दिया। स्थानीय पार्षद के साथ मिलकर लोगों ने जमकर बवाल मचाया, पुलिस ने मामले में FIR दर्ज कर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है, जिसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक थाना क्षेत्र के लाखे नगर के पास शुक्रवार रात 10 बजे एक विशेष समुदाय के युवक ने पंडाल में रखे गणेश प्रतिमा के निचले हिस्से को तोड़ दिया। समिति के सदस्यों ने जब ऐसा करने से मना किया। तो उनसे गाली-गलौज की। कुछ देर बहसबाजी करने के बाद युवक वहां से फरार हो गया। इस बात की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय और हिंदू संगठन के लोग थाने पहुंच गए। उन्होंने आरोपी पर सख्त कार्रवाई करने के लिए नारेबाजी और प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।इधर घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त फोर्स थाने में तैनात की गई। प्रदर्शनकारियों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने तत्काल आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इसके बाद चार टीमों को फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए रवाना किया गया । मामले में देर रात एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा आरोपी के खिलाफ सबूत जुटाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं.

## सुनीता विलियम्स के बिना खुद धरती पर लौटा स्टारलाइनर

**नई दिल्ली ,7 सितंबर।** भारतवंशी अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर को स्पेस स्टेशन पर अटका कर बोईंग का स्टारलाइनर आखिरकार तीन महीने बाद धरती पर लौट आया। 7 सितंबर की सुबह 9.31 बजे न्यू मेक्सिको के व्हाइट सैंड्स स्पेस हार्बर में उतरा। स्टारलाइनर ने करीब 8.58 पर अपने डीऑर्बिट बर्न को पूरा किया। इस बर्न के बाद करीब 44 मिनट उसे जमीन पर उतरने में लगे। लैंडिंग के समय वायुमंडल में इसका हीटशील्ड एक्टिव था। इसके बाद ड्रोग पैराशूट डिप्लॉय किया गया। यानी दो छोटे पैराशूट। इसके बाद तीन में मुख्य पैराशूट तैनात किए गए। स्टारलाइनर की लैंडिंग के बाद नासा और बोईंग की टीम इसे वापस असेंबली यूनिट में लेकर जाएगी। वहां पर उसकी जांच की जाएगी। ये पता किया जाएगा कि आखिर किस वजह से हीलियम लीक हुआ। किस वजह से प्रोपल्शन सिस्टम में दिक्कत आई। क्यों इस स्पेसक्राफ्ट ने डॉकिंग में सुनीता और बुच को दिक्कत दी थी। नासा ने अक्तूबर 2011 में बोईंग को स्पेसक्राफ्ट बनाने के लिए हरी झंडी दी। स्टारलाइनर बनते-बनते छह साल लग गए। 2017 में बना। 2019 तक उसके परीक्षण उड़ान होते रहे। लेकिन इन उड़ानों में कोई इंसान शामिल नहीं था। ये मानवरहित उड़ानें थीं। मानवयुक्त उड़ान साल 2017 में तय की गई थी। लेकिन कई वजहों से देरी होते-होते यह जुलाई 2023 तक आ गई। 1 जून 2023 को बोईंग ने कहा कि हम इस उड़ान को टाल रहे हैं। 7 अगस्त 2023 को कंपनी ने कहा कि स्पेसक्राफ्ट की सारी दिक्कतें खत्म हो चुकी हैं। अगली उड़ान 6 मई 2024 को तय की गई। लेकिन फिर यह लॉन्चिंग टाली गई। क्योंकि एटलस रॉकेट में ऑक्सीजन वॉल्व में कुछ दिक्कत आ रही थी। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट में हीलियम लीक होने की वजह से लॉन्चिंग टाली गई।

### छह साल बाद भी नहीं आया सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का परिणाम

## भीख मांगकर अभ्यर्थियों ने जताया विरोध

रायपुर,7 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

सब इंस्पेक्टर पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम छह साल बाद भी जारी नहीं किए जाने से परेशान अभ्यार्थी सड़क पर भीख मांगकर विरोध प्रदर्शन किया. प्रदेशभर से राजधानी पहुंचे अभ्यर्थियों ने कहा कि इतने लंबे समय से इंतजार करते हुए वे मानसिक रूप से थक चुके हैं. अब जब तक रिज़ल्ट नहीं निकाली जाएगा, तब तक रायपुर से अपने घर नहीं जाएंगे, और सड़क पर भीख मांगकर गुजारा करेंगे. सब इंस्पेक्टर संवर्ग भर्ती परीक्षा के भर्ती प्रक्रिया को 6 वर्ष पूर्ण होने वाले है. इस भर्ती के सभी चरण पूर्ण हो चुके हैं, अब केवल अंतिम परिणाम/चयन सूची आना ही बाकी है. विषय पर हाई कोर्ट ने 90 दिन के अंदर रिजल्ट सहित पूरी भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आदेशित किया था, और यह समय सीमा भी 10 सितंबर को समाप्त हो रही है. ऐसे में अभ्यर्थी गृहमंत्री



विजय शर्मा के पास पहुंचे थे. सब इंस्पेक्टर संवर्ग भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी अंतिम परिणाम / चयन सूची के मांग के लिए प्रदेश के अलग-अलग जिलों से गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की. इस दौरान गृह मंत्री से उन्होंने मांग की कि या तो नियुक्ति दो या तो जीवन से मुक्ति (इच्छामृत्यु ) दो. अभ्यर्थियों का कहना है कि पुलिस विभाग सिर्फ गृह मंत्री का आदेश का इंतजार में है, जैसे ही गृह मंत्री विजय शर्मा जी से हरी झंडी मिलेगी 1 दिन के अंदर रिजल्ट आ जाएगा. छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर, सूबेदार और प्लाटून कमांडर के 655 पदों पर भर्ती के लिए अगस्त 2018 में विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें 2021 में बढ़ोतरी करते हुए 975 पद किया गया.

## डीकेएस का ऑक्सीजन प्लांट दो साल से बंद

### स्वास्थ्य मंत्री बोले - जरूरत पड़ी तो कराएंगे एफआईआर

रायपुर,7 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

करोना काल में करोड़ों रुपए खर्च कर डीकेएस अस्पताल में नया ऑक्सीजन प्लांट खोला गया था, लेकिन लगभग दो साल से यह बंद पड़ा है. इस मामले को लेकर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कोरोना के समय आक्सीजन की डिमांड बढ़ गई थी. डीकेएस सहित कई अस्पतालों में आक्सीजन प्लांट लगाया गया था. कुछ कारणों के चलते यह बंद पड़ा है. इसे जल्द चालू कराने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है. लगातार निर्देश के बाद भी प्लांट की तकनीकी खामियों को दूर नहीं करने पर संबंधित एजेंसी और ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है. जरूरत पड़ेगी तो इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी. बताया जा रहा कि ऑक्सीजन प्लांट में करोड़ो रुपए खर्च हुए, लेकिन ये हमेशा बंद रहता है. अब सवाल आखिरकार यह उठता है कि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए ऑक्सीजन प्लांट के बंद होने का जिम्मेदार कौन है. अगर आने वाले समय में ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है तो इसकी आपूर्ति कैसे होगी.

बता दें कि दाऊ कल्याण सिंह अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट खोला गया था, लेकिन अस्पताल में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाहर से होती है. राजधानी रायपुर के डीकेएस अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट होने के बावजूद ऑक्सीजन सिलेंडर बाहर से प्राइवेट जगह से मंगवाया जाता है. बाहर से आने वाले ऑक्सीजन सिलेंडर से ही अस्पताल में इसकी आपूर्ति होती है.




### रोज बाहर से मंगवाते हैं 400 सिलेंडर

जानकारी के मुताबिक रोज अस्पताल में 400 सिलेंडर बाहर से मांगवाई जाती है. इसके लिए महीने में 18 से 20 लाख रुपए का भुगतान किया जाता है. इस हिसाब से एक साल में 1 करोड़ से ज्यादा का खर्च अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर आपूर्ति के लिए किया जाता है. अस्पताल में ऑक्सीजन सिलिंडर लाने ले जाने वाले मजदूर बताते हैं कि करोड़ों रुपए का मशीन प्लांट के अंदर धूल खा रहा है, इसके बावजूद यहां ऑक्सीजन का निर्माण नहीं हो रहा है.

## इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस के 2 डिब्बे पटरी से उतरे

**जबलपुर ,7 सितंबर ।** मध्य प्रदेश के जबलपुर रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक बड़ा ट्रेन हादसा होने से टल गया। इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन (22191) के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन में सवार यात्रियों के हताहत होने की खबर नहीं है।

इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस शनिवार की सुबह करीब 6 बजे जबलपुर स्टेशन के पास पहुंची। तभी ट्रेन के डिब्बे रेलवे स्टेशन से 150 मीटर की दूरी पर पटरी से उतर गए। ट्रेन की स्पीड कम होने की वजह से बड़ा हादसा होने से टल गया।

ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। रेलवे ट्रैक पर आवागमन फिर से शुरू करने का काम किया जा रहा है। रेलवे विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव के अनुसार, इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस जो इंदौर से जबलपुर जा रही थी, जब डेड स्टॉप स्पीड पर थी तब उसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए। किसी भी यात्री को हानि नहीं हुई है। सभी सुरक्षित हैं और अपने घरों के लिए रवाना भी हो चुके हैं।

वहीं ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरने पर मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रेन के डिब्बे को पटरी से उतरा देखकर दंग रह गए। ट्रेन में बैठे यात्री भी स्तब्ध रह गए, लेकिन गनीमत रही की किसी को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सभी यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य की ओर निकल गए।

## मणिपुर में फिर उठी हिंसा की आग

**इंफाल,7 सिंतबर।** मणिपुर में बीते साल मई से चल रहा तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बिष्णुपुर में रॉकेट अटैक के बाद अब हिंसा में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह सो रहा था, वहीं बाद में हुई गोलीबारी में चार हथियारबंद लोग मारे गए। अधिकारी के मुताबिक, उग्रवादी जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर एक सुनसान स्थान पर अकेले रहने वाले व्यक्ति के घर में घुसे और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। धिकारी ने बताया कि हत्या के बाद जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर पहाड़ियों में युद्धरत समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन पहाड़ी उग्रवादियों सहित चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गोलीबारी में मरने वाले कुकी और मैतेई दोनों ही समुदायों से हैं। मणिपुर में ताजा हिंसा की घटनाओं के बाद पिछले पांच दिनों से तनाव बहुत बढ़ गया है। शुक्रावर की रात बिष्नुपुर में एक शख्स की हत्या कर दी गई ती। इसके अलावा 2 मणिपुर राइफल्स और 7 मणिपुर राइफल्स के हेडक्वार्टर से हथियार लूटने की कोशिश की गई। बीते 17 महीने से चल रही हिंसा में पहली बार रॉकेट अटैक भी किया गया। पुलिस ने बताया कि कुकी उग्रवादियों ने लॉन्ग रेंज का रॉकेट भी दाग दिया। इस रॉकेट की लंबाई चार फीट के करीब बताई गई। हिंसा को देखते हुए प्रशासन ने शनिवार को राज्यभर में स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया। बता दें कि पिछले साल 3 मई के बाद से मणिपुर जातीय हिंसा का शिकार है। अधिकारियों का कहना है यह भी संभव है कि एक लंबी पाइप में गोला-बारूद भरकर इसे रॉकेट लॉन्चर की मदद से फायर किया गया हो।



## कन्हैयालाल हत्याकांड मामले का आरोपी जावेद जेल से रिहा

**अजमेर ,7 सितंबर।** उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में सहआरोपी जावेद जेल से बाहर आ गया है। शनिवार सुबह उसे अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

जावेद मुंह छुपाते हुए जेल से बाहर आया और अपने भाई मोहम्मद शमशेर के साथ कार में बैठकर रवाना हो गया। राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ ने 5 सितंबर को मामले की सुनवाई की थी। उसे 2 लाख रुपये के जमानत मुचलके और 1 लाख रुपए की राशि पर जमानत की मंजूरी मिली। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने जावेद को रिहा करने का आदेश दिया।

जावेद पर आरोप था कि उसने मुख्य आरोपियों के साथ मिलकर कन्हैयालाल की हत्या की साजिश रची थी, लेकिन हाईकोर्ट ने साक्ष्यों और सुनवाई के आधार पर उसकी जमानत याचिका मंजूर कर ली। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि जावेद के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं है। इसलिए उसे हिरासत में रखना जरूरी नहीं है। बता दें कि 28 जून 2022 को उदयपुर में कन्हैयालाल साहू की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। गौस मोहम्मद और मोहम्मद रियाज ने इस घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों ने इस हत्याकांड का वीडियो भी बनाया था। इस घटना के कुछ दिन बाद ही राजस्थान पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं जावेद पर हत्याकांड में मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद के साथ शामिल होने का आरोप है।

## एक नजर

### चालक की करंट से मौत



**भिलाई, 7 सितंबर।** भिलाई करंट लगने से पंडाल में टैंकर लेकर पानी देने पहुंचे चालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है मिली जानकारी के मुताबिक पाटन निवासी संतोष साहू सेक्टर 2 स्थित न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति में पानी टैंकर लेकर शुक्रवार को गया हुआ था। जहां संतोष मोटर को टैंकर में डालकर पानी सप्लाई कर रहा था। इस दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई मोटर पम्प से फिश पॉन्ड में पानी भरने के दौरान हादसा होना बताया गया है। हादसे के बाद संतोष साहू के परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों का भी आरोप है कि करंट से उसकी मौत हुई है। पुलिस के समझाइश के बाद भी गणेश पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था का अभाव दिख रहा है सेक्टर 2 में काफी बड़े रुप में पंडाल को भव्य रुप दिया जाता लेकिन इस हादसे ने पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है टैंकर चालक के शव को पुलिस ने पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है वहीं समिति के अध्यक्ष श्रीणु राव और महासचिव राजू ने बताया कि हम दोनों कार्ड बांटने के लिए रायपुर आए हैं टैंकर चालक की मौत के बारे में कोई भी जानकारी नहीं होने की बात बताई है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि हुई है मौत, जांच जारी टैंकर से पानी देने पहुंचा था चालक करंट की चपेट में आने से मौत हुई है। जांच की जाएगी जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, पुलिस उसी आधार पर कार्रवाई करेगी सभी पंडालों को सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने की हिदायत पहले ही दी जा चुकी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**भिलाई, 7 सितंबर।** भिलाई अंडा थाना क्षेत्र अज्ञात वाहन की ठोकर से पैदल चल रहा युवक चपेट में आ गया हादसे युवक की मौत हो गई है पीएम के बाव शव को परिजनों को सौंप दिया गया जिसका अंतिम संस्कार परिजनों न किया अंडा पुलिस ने बताया कि दुर्ग से बालोद रोड पर अटल चौक अंडा में सुबह अज्ञात वाहन की ठोकर से सड़क पर पैदल चल रहे युवक ग्राम चिंगरी निवासी के सुर्यकांत सूर्यवंशी है वाहन की ठोकर से उसकी मौक पर ही मौत हो गई घर से सुबह टहलने निकला था उसकी दादी का दशगात्र कार्यक्रम था वाहन की तलाश में पुलिस जुटी हुई है आसपास में लगे सीसीकैमरे को पुलिस खंगाल रही है।

### 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर तक

**दुर्ग, 7 सितम्बर** । 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 13 सितम्बर 2024 तक दुर्ग-भिलाई में आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद कुमार मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार योगा 14, 17 व 19 बालक-बालिका, बाक्सिंग 14, 17 व 19 बालक-बालिका, टेबल टेनिस 19 बालक-बालिका, जुडो 14,17 व 19 बालक-बालिका, लॉन टेनिस 14,17 व 19 बालक-बालिका और साइकिलिंग (ट्रेक) 14, 17 व 19 बालक-बालिका खेलों का आयोजन किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कुल 5 संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के कुल 980 स्कूली बच्चे भाग लेंगे। जिसके लिए आवास व्यवस्था भिलाई के विभिन्न निजी विद्यालयों में किया गया है। आवास स्थल से खेल मैदान तक परिवहन व्यवस्था भी निजी विद्यालयों के वाहनों द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

# सदस्यता अभियान भाजपा की शक्ति बढ़ाने का सुंदर अवसर है



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,7 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा उतई मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान का उद्घाटन रेस्ट हाउस उतई में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना शामिल हुए भाजपा उतई मंडल में लाभचंद बाफना ने किया पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ सदस्यता अभियान मंडल प्रभारी रोहित साहू,महामंत्री पुकेश चंद्राकर,जिला किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु,रूपनारायण शर्मा मंचासीन रहे।स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने दिया। मुख्य अतिथि लाभचंद बाफना ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है और भाजपा का सदस्यता अभियान प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी भाजपा की शक्ति को बढ़ाने के लिए सुंदर अवसर है। उन्होंने भाजपा मर्यादा में चलने वाली पार्टी बताते हुए आप बीती घटनाओं का स्मरण करते हुए कहा कि घिनौनी मानसिकता वालों को परास्त करने संगठन की शक्ति ही काम आएगी। लेकिन ध्यान रखें, हमें शक्ति का अन्यों की तरह दुरूपयोग नहीं करना है। भाजपा सदैव संगठन की शक्ति का उपयोग जन हित में करती है। विरोधी मानसिकता वालों से बचने और सही लोगों को बचाने के काम में करती है। पंचायत से लेकर सांसद तक समवेत स्वर बनाएं सदस्यता मंडल प्रभारी रोहित साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान ऐसा चलाएं कि पंचायत से लेकर सांसद तक समवेत स्वर में जनहित की आवाज बुलंद हो सके। आम जनता की सेवा बेरोकटोक कर सकें।मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने कहा कि जो भाजपा की जनहित कार्यशैली से प्रभावित हैं,वे हर आदमी भाजपा का सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं चाहे अभी वे किसी भी पार्टी दल में है। इतना सुनहरा अवसर को नहीं खोना चाहिए, 50 सदस्य बनाने वाले सक्रिय सदस्य होंगे। जो भाजपा के विचार धारा को पसंद करते हैं, उन्हें अविलंब सदस्यता ग्रहण कर लेना चाहिए। संचालन मंडल महामंत्री सोनू राजपूत ने किया।आभार किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर,पार्षद सतीश चंद्राकर,चंदू देवांगन,करण सेन,शीतला ठाकुर,शुभम वर्मा,दानेश्वर यादव,दिनेश पटेल,लक्ष्मीनारायण साहू,वैभव देवांगन,चिंटू सिन्हा,नरेंद्र साहू,भूषण वर्मा,अनिल साहू,छगन बंजारे,नीलम गढ़े, संगीत रजक,ममता चंद्राकर, दनेश्वरी देशमुख,शीतल रात्रे,तुलुराम साहू,देवेंद्र राजपूत, रूपेश पारख,प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।



**कवर्धा।** आज बहुत से घरों और पंडालों में गणेश जी विराजे जाएंगे और सुबह से ही लोग भगवान गणेश जी को मूर्ति खरीदकर ले जा रहे हैं ।

## चित्रकार बृजेश तिवारी शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित



**भिलाई, 7 सितंबर।** प्रसिद्ध चित्रकार बृजेश कुमार तिवारी को उनके असाधारण कला यात्रा और उपलब्धि के लिए द फेयर विज़न फाउंडेशन संस्था ने 5 सितम्बर के शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया है। ज्ञातव्य हो की बृजेश पिछले बाइस वर्षों से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्थानीय महिलाओं और बच्चों को निशुल्क चित्रकला और शिल्पकला का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं ।

उन्होंने अब तक लगभग बारह हज़ार बच्चों और महिलाओं को कला की बारीकियां सिखाई है। बृजेश की इस उपलब्धि के कारण उन्हें यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। बृजेश कहते हैं की ये पुरस्कार पाकर वे बेहद खुश हैं और वे आजीवन गरीब बच्चों और महिलाओं को कला का निशुल्क प्रशिक्षण देते रहेंगे, ताकि वे भी कला की बारीकियां सीखकर रोजगार प्राप्त कर सकें और सम्मानजनक जीवन जी सकें।

## रणनीति निदेशक कप लेवल-1 कड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ संपन्न

**भिलाई, 7 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआरडी सेंटर में 5 से 6 सितंबर तक रण-नीति-निदेशक (कार्मिक) कप-2024, बिजनेस सिमुलेशन गेम्स-2024-25 के यूनिट लेवल राउंड (लेवल-1) का आयोजन किया गया। सेल-बीएसपी में लेवल-1 राउंड में सेल अधिकारियों की तीन सदस्यीय कुल 23 टीमों ने भाग लिया, जो 2 दिनों में 5 राउंड में आयोजित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी ने 6 सितंबर को एचआरडी सेंटर में रण-नीति-2024 के लेवल-1 के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी तथा अखिल भारतीय प्रबंधन संघ के डॉ चंद्रशेखर और प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे। श्रेणी ए में टीम नंबर 'ए11' में शामिल सीनियर मैनेजर जी रोहित सैम, सीनियर मैनेजर हर्षित गुप्ता और सीनियर मैनेजर अभिषेक कोचर की टीम ने इस प्रतियोगिता में विजेता पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि पावर सिस्टम विभाग की टीम नंबर 'ए04' जिसमें एजीएम निकुंज कुमार, एजीएम सचिन प्रधान और सीनियर मैनेजर विजय कुमार देशमुख की टीम उपविजेता रही। श्रेणी बी में टीम क्रमांक 'बी10' जिसमें शामिल उप महाप्रबंधक रितेश कुमार कसारे, उप महाप्रबंधक श्याम सुंदर साहू और सहायक महाप्रबंधक राकेश पटेल ने विजेता पुरस्कार जीता। जबकि उपविजेता पुरस्कार टीम क्रमांक 'बी00' ने जीता, जिसमें कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के प्रतिभागी सहायक महाप्रबंधक प्रशांत कुमार, सहायक महाप्रबंधक बिपिन कुमार दुबे और उप प्रबंधक तनय सिंह शामिल थे। एआईएमए के डॉ. चंद्रशेखर ने स्वागत भाषण दिया। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। समापन समारोह का संचालन उप प्रबंधक सुश्री सुष्मिता पाटला द्वारा किया गया।




## उत्सवी माहौल में गणेशोत्सव का शुभारम्भ, पूजा पंडालों में झांकियों की धूम

**भिलाई, 7 सितंबर।** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर आज से गणेशोत्सव का शुभारम्भ हो गया है। दस दिनों अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर शहर में उत्सव का माहौल है। पूरे शहर में सजावट की गयी है। खासकर पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। गणेश प्रतिमा स्थापना स्थल को नए लुक में लाकर सजाया-संवारा गया है। लोगों में इस महापर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शुक्रवार से ही गणेश पंडालों में गणेशजी के प्रतिमाओं को लाने का लेकर सिलसिला शुरू हो गया था जो आज तक चलता रहा। गणेशोत्सव समितियों के लोग वाहनों में ढोल-धमाकों और बाजे-गाजे के धूम-धड़ाके के बीच गणपति बाप्पा मोरया के गैरों के बीच गणेश प्रतिमाओं लेकर जाते देखे गए। प्रतिमाएं तो हालांकि परदे में थी फिर भी राहगीरों के लिए आकर्षण के केंद्र में थी और वे बाप्पा की झलक पाने के लिए बेताब दिखे।

**शुभ मुहूर्त में स्थापना** - घरों से लेकर पूजा पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना विधि-विधान के साथ शुभ मुहूर्त में की जा रही है। पंडित ज्योतिषियों के अनुसार इस गणेश चतुर्थी तिथि पर चित्रा नक्षत्र और ब्रह्म योग का संयोग है। दिन के शुभ मुहूर्त की बात करें तो शनिवार को अभिजीत मुहूर्त 11:50 -12:40 मिनट तक रहेगा। राहुकाल सुबह 09:09 -10:42 मिनट तक रहेगा। चंद्रमा तुला राशि में मौजूद रहेंगे। देवी-देवताओं से पहले भगवान गणेश को वंदनीय एवं पूजनीय माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य से पहले विधि-विधान पूर्वक भगवान गणेश की पूजा-आराधना की जाती है। आज गणेश चतुर्थी के दिन भी विधि-विधान पूर्वक भगवन श्री गणेश को प्रसन्न करने के लिए उनकी पूजा और आराधना की जाती है।



**लुभा रहीं आदमकद गणेश प्रतिमाएं** - पूजा पंडालों में बड़ी-बड़ी आदमकद प्रतिमाएं लाई गयी हैं। गणेशोत्सव समितियों ने पहले ही मूर्तिकारों को आर्डर बुक करा रखे थे। इसके लिए बाहर से भी मूर्तिकार बुलाये गए थे। आज सुबह से इन प्रतिमाओं की स्थापना के लिए पंडित-पुजारियों ने विधि-विधान से अपना कार्य शुरू कर दिया था। टाउनशिप में भी गणेशोत्सव को लेकर अपूर्व उल्लास दिखाई दे रहा है। सेक्टर-4 में विशाल प्रतिमा आकर्षण के केंद्र में है। छावनी थाना मैदान लाल मैदान में भी गणेश प्रतिमा एवं झांकी का आकर्षक रूप देखने को मिल रहा है।



### तीज पर उपवास महिलाओं ने पूजा की

**कवर्धा।** तीज पर्व में शुक्रवार को महिलाओं ने उपवास रखकर नारियल, फल , मिठाई और श्रृंगार के समान चढ़ाकर दिया और अगरबत्ती जलाकर भोले बाबा और पार्वती माता की पूजा की ।

## गांजा तस्करी,कोचिया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 सितंबर।** भिलाई पुलिस ने ओडिशा से गांजा लाकर शहर में खपाने वाले अंतरराज्यीय गांजा तस्करों और एक कोचिया को गिरफ्तार किया है। तस्करों में एक आरोपित सेक्टर-छह भिलाई का है, बाकी तीन में एक मध्यप्रदेश के बड़वानी और दो उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले का रहने वाला है। वहीं कोचिया जी. सरोजनी खुर्सीपार की रहने वाली है। चारों तस्कर ओडिशा से दो कार में गांजा छिपाकर भिलाई लाते थे पकड़े जाने से बचने के लिए वे रास्ते में वाहनों के नंबर प्लेट भी बदल देते थे पुलिस ने पांचों आरोपितों से 45 किलो गांजा और तस्करी में प्रयुक्त दो कार व एक बाइक जब्त की है खुर्सीपार पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है दुर्ग रेंज के आइजी राम गोपाल गर्ग, एसपी जितेंद्र शुक्ला और एएसपी सुखनंदन राठौर ने पत्रकार वार्ता में सयुंक्त रूप से बताया कि बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी जी. सरोजनी (60) को गांजा सहित गिरफ्तार किया गया था आरोपित ने सेक्टर-छह निवासी पिंटू साहनी (35) से गांजा लेना बताया पिंटू से पुलिस को तीन आरोपितों का सुराग मिला। पिंटू के साथ ही ग्राम ठीकरी गांधी चौक जिला बड़वानी मध्यप्रदेश निवासी अजय साहनी (23), ग्राम खैराट जिला देवरिया उत्तर प्रदेश निवासी अजय प्रसाद (22) और ग्राम मोतीपुर भुवाल जिला देवरिया उत्तर प्रदेश निवासी ऐबी साहनी (34) को भी गिरफ्तार किया। आरोपितों की कार से भी भारी मात्रा में गांजा मिला। पूछताछ में पता चला कि बाकी के तीन आरोपित अपने-अपने शहर में गांजा लेने के लिए ओडिशा जाते थे। ओडिशा में ही पिंटू की तीन आरोपितों से मुलाकात हुई थी और एक साथ मिलकर गांजा तस्करी शुरू कर दिया था। गिरफ्तार किए आरोपितों में पिंटू और जी. सरोजनी गांजा बेचने के मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं तस्करी करने वालों के साथ ही खुर्सीपार में खपाने वाली गिरफ्तार सप्लाई चेन के साथ ही कोचिया को भी पकड़ने में मिली सफलता।

## मनरेगा से निर्मित आंगनबाड़ी भवन ग्रामीणों के लिए बना सुविधाओं का केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,7 सितंबर।** कबीरधाम जिले के विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम पंचायत कान्हाभैरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से निर्मित आंगनबाड़ी भवन बच्चों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने ऐसे प्रयास किये गये की छोटे-छोटे बच्चे खेलते कुदते जीवन की पहली पाठशाला में कुछ अच्छा सीख जाये।आंगनबाड़ी भवन निर्माण हो जाने से अब बच्चे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र में आ रहे है जहाँ उन्हें समय पर पौष्टीक भोजन मिल रहा है और साथ में मिल रहा है क ख ग,क्ष्त्रज्ञ एवं 1,2,3 जैसी प्राम्भिक शिक्षा।ग्रामीण अंचलो में बच्चो को स्कूल तक लाना एक जटिल कार्य है। इसी जटिलता को दूर करने के लिए बच्चो के मन पसंद खेल-खिलौने,पौष्टिक भोजन एवं प्राथमिक शिक्षा हेतु महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से 2.00 लाख रुपए की लागत से कार्य कराया गया। जिसमे अभिसरण अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना से से मजदूरी के लिए 1.21 लाख रुपए सामाग्री हेतु 0.79 लाख रुपए कुल- 2.00 लाख रूपए एवं सामान्य प्रशासन मद से 6.00 लाख रूपए सहित कुल 8.00 लाख रुपए स्वीकृत किया गया। आंगनबाड़ी भवन के निर्माण में 613 मानव दिवस रोजगार का सृजन हुआ तथा 149 ग्रामीण मजदूरो को 1.21 लाख रुपए का मजदूरी उनके बैंक खाते में प्राप्त हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का महत्व बच्चे अपने जीवन में सबसे पहले आंगनबाड़ी केन्द्र में महसूस करते है यदि शिक्षा खेल कूद के साथ मिले तो फिर क्या कहना। समय की जरूरत को देखते हुए हमारे नव निहालो के भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना से बनाए गए आंगनबाड़ी केन्द्र ने एक नयी मिसाल पेश की है। इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के बेहतर विकास हेतु आंगनबाड़ी केंद्र महत्वपूर्ण स्थान है।यहां पर बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित सभी प्रकार के टिके मिशन इंद्रधनुष के माध्यम से निशुल्क लगाए जाते हैं और छोटे बच्चों को कुपोषण से बचाते हुए स्वस्थ जीवन की ओर लाया जाता है।इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान सभी जरूरी टीकाकरण एवं अन्य सहायता के साथ पोषण आहार उपलब्ध कराया जाता है। इन्हीं महत्वपूर्ण सेवाओं को देखते हुए जिले के सभी क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना के साथ अन्य विभागीय योजनाओं का अभिसरण कर आंगनवाड़ी भवन का निर्माण ग्राम पंचायतो के माध्यम से कराया जा रहा है।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने चर्चा करते हुए बताया कि आंगनवाड़ी भवन निर्माण से ग्रामीणों को अनेकों फायदे होते हैं। एक ओर जहां गांव में केंद्र बन जाने से छोटे बच्चों एवं महिलाओं को अनेक प्रकार के पोषण और टीकाकरण सहित अन्य सुविधाएं मिलती है। तो वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी भवन निर्माण से ग्रामीणों के लिए रोजगार का अवसर सृजन होता है।आंगनवाड़ी भवन में बच्चों को खेलने के लिए खिलौने स्वच्छ पेयजल स्वच्छ शौचालय सहित अनेक प्रकार की सुविधाओं के साथ जीवन में आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया जाता है।ग्राम पंचायत कान्हाभैरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 की कार्यकर्ता श्रीमती नंदनी चंद्रवंशी बताती है कि इस केंद्र के माध्यम से आसपास के लगभग डेढ़ सौ से अधिक घरों को सीधे लाभ हो रहा है। अभी 16 बच्चे केंद्र में आते हैं जिसमें 3 से 6 वर्ष एवं 6 से 12 वर्ष के बच्चे शामिल है। सुबह 9:30 से दोपहर 2:30 तक केंद्र में बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ प्रारंभिक शिक्षा एवं खेलकूद के द्वारा बेहतर जीवन जीने के गुण सिखाए जाते हैं। बच्चों को पोषक तत्व में रेडी टू ईट पोहा सहित अन्य आहार उपलब्ध कराया जाता है तथा विभिन्न प्रकार के टीकाकरण भी किया जाता है।



## कांग्रेसियों ने खोली मोहब्बत की दुकान



**भिलाई, 7 सितंबर।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को असंवैधानिक रूप से की गई गिरफ्तारी और षड्यंत्र पूर्वक उनको जेल भेजे जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने नई तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने मोहब्बत की दुकान सुपेला घड़ी चौक पर लगाई। जहां सभी को मीठे शरबत का वितरण किया गया और साथ ही साथ यह संदेश दिया कि भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव साय की सरकार द्वारा प्रदेश में कड़वाहट घोली जा रही है। विरोध करते हुए कांग्रेसी मोहब्बत की दुकान में मीठा शरबत जनता के बीच में वितरण किए। जिससे कि इस समाज में भाजपा द्वारा घोली जा रही कड़वाहट में हल्की मिठास घोली जा सके। आज के इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से आमिर सिद्दीकी अमन साव (सेठिया),उबारन टंडन, सोनू यादव, दीप मोहन, लकी हंस, सतीश राव इंद्रजीत सिंह, सुधांशु साहू, इंद्रपाल सिंह छतरी, अमृत सिंह के साथ सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे। युथ कांग्रेस के सचिव आमिर सिद्दीकी ने बताया कि प्रदेश युथ कांग्रेस के आवाहन पर विधायक की गिरफ्तारी के विरोध में जिला स्तर पर भाजपा सरकार के खिलाफ क्रमबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। आगे उन्होंने बताया कि बलौदाबाजार मामले में भाजपा की सरकार ने सतनामी समाज के मासूम व निर्दोष युवाओं को गिरफ्तार कर उनके साथ अन्याय कर रहा है। जिनके लिए विधायक देवेंद्र यादव ने आवाज उठाई। तो भाजपा सरकार की पुलिस ने उन्हें भी पड़क कर जेल में डाल दी है। जबकि पुलिस सिर्फ बयान देने के लिए उपस्थिति होने के बाद नोटिस दी थी। पूछताछ के नाम पर पुलिस विधायक को ले गए थे और षडयंत्र पूर्वक उसे जेल में डाल दिए है। प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई है, तब से मानों अंग्रेजों का शासन चल रहा है। गोरे जिस तरह से मातृभूमि के लिए आवाज उठाने वाले क्रांतिकारियों को जेल में बंद कर देती थी। उनके साथ अन्याय करती थी, वैसा ही आज भाजपा सरकार कर रही है।

एक नजर

## शांतिनिकेतन महाविद्यालय में शिक्षकों का सम्मान



**रायपुर 7 सितंबर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शांतिनिकेतन महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हमारे माननीय शिक्षकों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के संचालक श्री मुकेश गुप्ता जी, प्रधानाचार्य डॉक्टर श्रीमती देवाहूती के तिवारी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई .। संचालक मुकेश गुप्ता गुप्ता जी ने कहा कि हमारी पहली शिक्षक हमारी मां होती है शिक्षक ही समाज के निर्माता होते हैं और उन्हें समाज के भविष्य का निर्माण करने की जिम्मेदारी दी जाती है। प्रधानाचार्य मैडम ने कहा की हमारे शिक्षकों ने अपने ज्ञान और अनुभव से हमें शिक्षित किया है ,और हमें एक अच्छा नागरिक बनाने में मदद की है। हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए। इस अवसर पर मंच का संचालन रुद्राणी, हेड बॉय पंकज पटेल हेड गर्ल रिमझिम ने किया कार्यक्रम में सीनियर छात्र चितरंजन ,चेतन, रितिक, आदि ने जूनियर्स को मार्गदर्शित किया इशांत शर्मा ने ने स्पीच एवं साक्षी वेलकम नृत्य प्रस्तुत किया, इसके अलावा सभी सरिता के छात्र-छात्राओं ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें शिक्षकों के लिए पुरस्कार वितरण, शिक्षकों द्वारा छात्रों के लिए संदेश और शिक्षकों के सम्मान में गेम एवं गीत और नृत्य की प्रस्तुति शामिल थी। इस अवसर पर एमडी सर द्वारा कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनिरुद्ध तिवारी को वाइस प्रेसिडेंट के रूप मे ,डॉ अल्का मिश्रा को कल्चरल प्रभारी एवं प्रोफेसर अजय पटेल को खेल प्रभारी के रूप में बैच द्वारा सम्मानित किया गया। गेम्स में विनर रहे असिस्टेंट प्रोफेसर्स अजय पटेल, योगेश साहू ,दीक्षा ठाकुर थे ।

## नाबालिग से अनाचार करने वाले को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया



**राजनांदगांव 7 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगॉव, श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहूल देव शर्मा , श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे ‘‘ ऑपरेशन मुस्कान ‘‘ के तहत बालक/बालिकाओं की दस्तयाब के तहत पुलिस चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर द्वारा पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव के अपराध क्रमांक 199/2024 धारा-137(2),87,64(2)(ड) बी.एन.एस. , 4,6 पाक्सो एक्ट में अपहृता नाबालिग बालिका के पता तलाश हेतु पुलिस चौकी चिचोला से टीम गठित कर दिनांक 20.07.2024 के सुबह 9::00 बजे अपने घर से बिना किसी को बताये निकली नाबालिक अपहृता के पता- तलाश क्रम में रवाना होकर ग्राम कोरेगांव थाना कोरेगांव जिला सतारा महाराष्ट्र से आरोपी भूपेन्द्र कर्श पिता शीतल कर्श उम्र 21 वर्ष निवासी मलदी थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार के कब्जे से नाबालिग अपहृता को बरामद किया गया एवं नाबालिग अपहृत को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर महाराष्ट्र ले जाकर लगातार जबरन शारीरिक संबंध बनाने से आरोपी को दिनांक 05.09.2024 को गिरफतार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी चिचोला के सउनि विनोद कुमार वर्मा , सउनि ए0पी0शीला ,आरक्षक 1342 प्रदीप सोनी का विशेष योगदान रहा।

## शराब पिलाने वाले पर कार्रवाई

**राजनांदगांव 7 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं चौकी निरीक्षक राकेश कुमार मन्नाडे के नेतृत्व मे पुलिस चौकी सुकुलदैहान क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से धन अर्जन के उद्देश्य से शराब पिलाने वाले एवं चखना उपलब्ध कराने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 04.09.2024 को मुखबीर की सूचना पर फौजी ढाबा सुकुल दैहान एवं पंजाबी ढाबा सुकुलदैहान में पृथक पृथक घेराबंदी कर घेराबंदी कर आरोपी 01 प्रदीप वर्मा पिता छगन लाल वर्मा उम्र 26 साल निवासी ग्राम रूवातला पुलिस चौकी मोहारा जिला राजनांदगांव 02 नरेश कुमार मार्कण्डेय पिता गिरधर मार्कण्डेय उम्र 30 साल निवासी ग्राम सलटिकरी पुलिस चौकी मोहारा जिला राजनांदगांव के विरुद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मन्नाडे सउनि0 चंपेश ठाकुर ,आरक्षक 1142,1316 सराहनीय भूमिका रही।

## 9 सितंबर को प्रदेश में बलराम जयंती

**रायपुर, 7 सितम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में कृषि के देवता माने जाने वाले भगवान श्री बलराम जी की जयंती 9 सितम्बर, 2024 को भगवान श्री बलराम जयंती-किसान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

# शिवसेना ने विभिन्न मुद्दों पर मोहला में धरना-प्रदर्शन किया

### शिवसेना प्रमुख ने मानपुर में राष्ट्रगान के दौरान प्रिंसिपल, अध्यापकों के नदारद रहने के मामले में कही बड़ी बात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 7 सितंबर।** जिले के मानपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में बीते दिनों सामने आए राष्ट्रगान के वक्त प्रिंसिपल व सभी अध्यापकों के नदारत रहने के मामले में शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय परिहार ने स्कूल प्रबंधन समेत प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए इसे राष्ट्रगान का अपमान करार दिया है। वहीं सुधार, कार्यवाही नही होने पर न केवल काला पाउडर जिम्मेदारों पर पोतने की बात कहते हुए पुलिस में केस दर्ज करने की ओर भी इशारा किया है।

**स्कूल में प्रदर्शन करेंगे, जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे :** दरअसल शिवसेना प्रमुख धनंजय पांडे शिवसेना द्वारा विभिन्न मुद्दो को लेकर जिला मुख्यालय मोहला मे धरना प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान उन्होंने उद्बोधन के दौरान प्रशासन व स्कूल प्रबंधन की जमकर बखिया उधेड़ी। धनंजय परिहार ने कहा जानकारी मिली है कि स्कूल में एक दिव्यांग भृत्य द्वारा रोजाना स्कूल में राष्ट्रगान कराती हैं। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल और अध्यापक कोई मौजूद नही रहता। इतनी बड़ी खबर मीडिया में आई है। और कोई संज्ञान नहीं ले रहा। कार्यवाही नही हो रही। धनंजय परिहार ने जिम्मेदारों की तीखी आलोचना करते हुए अक्रोशित स्वर में कहा कि यदि मामले में संज्ञान नहीं लिया गया तो हम दोबारा आएंगे, काला रंग का पाउडर लेकर आएंगे और इनके मुंह पर पोत देंगे। इस दरमियान मीडिया से चर्चा के दौरान धनंजय परिहार ने जिम्मेदारों के राष्ट्रगान के दौरान नदारत रहने को राष्ट्र गान का अपमान बताया। तथा सुधार कार्यवाही नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे तथा स्कूल में प्रदर्शन भी करेंगे। शिवसेना प्रमुख ने राष्ट्रगान के अपमान को लेकर पुलिस में केस भी पंजीबद्ध कराएंगे।

**पहले कही कार्रवाई की बात, अब नहीं दिखा रहे दिलचस्पी, कहीं किसी का दबाव तो नहीं:** बता दें कि बीते दिनों स्वामी आत्मानंद स्कूल मानपुर में सत्ता रूढ़ भाजपा के पदाधिकारी तथा स्कूल के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजहंस मंडावी ने राष्ट्रगान के दौरान स्कूल का औचक करने के दौरान पाया था कि एक दिव्यांग महिला भृत्य अकेले स्कूल में बच्चों को राष्ट्रगान करा रही है। इस दरमियान समिति अध्यक्ष राजहंस मंडावी ने स्कूल का निरीक्षण कर बच्चों से भी जानकारी ली। इसी दौरान मौजूद मीडिया से जानकारी साझा करते हुए शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान एक मात्र महिला भृत्य राष्ट्रगान करा रही है। तथा उन्होंने जब इसकी जानकारी बच्चों से ली तो पता चला कि रोजाना स्कूल में भृत्य ही राष्ट्रगान कराती है। प्रिंसिपल अध्यापक कोई रही रहते। स्कूल के शौचालय के गंदी दुर्दशा तथा राष्ट्रगान के समय प्रिंसिपल व अध्यापकों के नदारत रहने को दुखद करार देते हुए कार्यवाही की बात कही थी। सत्ता पक्ष के नेता द्वारा पकड़ी गई अनुशासन हीनता पर अब तक कार्यवाही नही हुई। वहीं अनुशासन हीनता पकड़ने वाले नेता जी कार्यवाही में अब दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। ऐसे में सवाल गहरा रहा है कि कार्यवाही की बात कहने वाले शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पर कहीं किसी का दबाव तो नहीं है।

**डीईओ के जांच का भी ठिकाना नहीं, कहा था कार्रवाई करूंगा, अब राष्ट्रगान के सम्मान में तनिक संजीदगी नहीं :** राष्ट्रगान के प्रति अनुशासन हीनता की सूचना मिलने के बाद डी ई ओ फत्तेराम कोसारिया ने जांच कराने व कार्यवाही करने की बात कही थी। डी ई ओ ने किससे जांच कराई , कब कराई इसका अब तक कोई ठिकाना नहीं। सूत्रों से पता चला है कि डी ई ओ के सामने ये स्पष्ट हो चुका है कि राष्ट्रगान के दौरान प्रिंसिपल व सभी अध्यापक नदारत थे। फिर भी अब तक इस गंभीर मसले पर डी ई ओ की ओर से कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई है। डी ई ओ ने मीडिया के समक्ष जो जांच व कार्यवाही के जो दावे किए थे। वो खोखले साबित हो रहे हैं। सूत्रों से यह भी पता चला है कि बिना कोई ठोस कार्यवाही किए राष्ट्रगान के प्रति अनुशासन हीनता बरतने वालों को केवल समझाई देकर छोड़ा जा रहा है। राष्ट्रगान के प्रति अनुशासनहीनता बरतने वालों के लिए बिना कड़ी कार्यवाही के सिर्फ समझाईस देकर छोड़ना ये बता रहा है कि जिले के जिला शिक्षा अधिकारी राष्ट्रगान के सम्मान के प्रति कितने संजीदा हैं।

**कई वरिष्ठ फिर भी व्याख्याता को बना दिया प्राचार्य, अब हो रहा व्यवस्था का बेड़ागर्क:** 1964 से संचालित ब्लॉक का ये बड़ा स्कूल जहां हिंदी व इंग्लिश मीडियम दोनो शालाएं लगती हैं यहां किसी अन्य ब्लॉक के अन्य शाला के व्याख्याता को प्रिंसिपल बना दिया गया है। जबकि न केवल मानपुर ब्लॉक में बल्कि जिले भर में कई वरिष्ठ व्याख्यात व प्राचार्य मौजूद हैं जो अपने अनुभव से इस स्कूल का बेहतर संचालन कर सकते हैं। कई वरिष्ठ प्राचार्य छोटे स्कूलों में ड्यूटी बजा रहे हैं वहीं ब्लॉक के सबसे बडे और महत्वपूर्ण इस स्कूल में अन्य ब्लॉक के अन्य स्कूल की व्याख्याता को प्राचार्य बना दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन नगरी की बैठक संपन्न

■ 11 सितंबर को मशाल रैली निकाल कर सौंपेंगे ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 7 सितंबर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के संयोजक डोमार सिंह ध्रुव की अध्यक्षता,चंद्र कुमार चंद्राकर जिला संयोजक धमतरी की विशेष उपस्थिति एवं जिला से आए समस्त पदाधिकारी की आथित्य में फेडरेशन का विशेष बैठक संपन्न हुआ, बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 11 सितंबर को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी की ओर से भव्य मसाल रैली निकाला जाएगा। समस्त 36 विभागों के द्वारा शासन के खिलाफ चार सूत्री मांगों को लेकर विशाल मसाल रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। फेडरेशन की प्रमुख मांगे 1.भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता की दिया जाए 2. जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित किया जावे 3. चार स्तरीय समय मान वेतनमान की मांग। 4. भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार मप्र की तरह 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अर्जित अवकाश नगदी करण किए जाने की मांग शामिल है। उपरोक्त सभी मांगों के समर्थन में तृतीय चरण के आंदोलन में मसाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। सभी कर्मचारी दिनांक 11 सितंबर 2024 को अपरान्ह 3:00 बजे बजरंग चौक नगरी में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से देगें। उक्त बैठक को जिला संयोजक श्री चंदूलाल चंद्राकार, जिला सचिव अमित महोबे ,जिला प्रवक्ता खुमान सिंह ठाकुर ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए रणनीति बनाई गई। ब्लॉक मुख्यालय के समस्त विभाग के कार्यालयों के कर्मचारियों से संपर्क कर जन जागरुकता लाते व्यापक मशाल रैली निकालकर प्रदर्शन करेगे तथा ज्ञापन सौंपेंगे इस प्रदर्शन के पश्चात भी यदि सरकार उचित निर्णय नही लेता है तो 27सितंबर को एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर जिला स्तर पर ,कलम रख,मशाल उठा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।उक्त बैठक में उपाध्यक्ष तरुण साहू,यशवंत साहू,सचिव गिरीश कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार बोर्झा, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी केपी साहू, आईटी सेल प्रभारी डीपी ताम्रकार, किशोर कश्यप ,बीपी चंद्रा, पदुम साहू,सुरेंद्रकुमार साहू,मदन दास मानिकपुरी ,अशोक कुमार साहू ,जसपाल सिंह खनूजा, सुरेंद्र कुमार लोनहारे,संजय रेड्डी,रामकृष्ण सिंह ठाकुर ,आरके यादव ,खिंजन साहू,दिलीप साहू ,पीके कश्यप,भोजराम साहू, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार ब्लॉक सचिव गिरिश जायसवाल ने किया।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई

**राजनांदगांव 7 सितंबर।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगॉव, श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहूल देव शर्मा , श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब के उपर कार्यवाही के तहत पुलिस चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर के नेतृत्व में चौकी स्टाप द्वारा पुलिस चौकी चिचोला जिला राजनांदगांव को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम पिनकापार का गोवर्धन साहू नाम का व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर धन अर्जित कर रहा कि सूचना पर हमराह स्टाप एव गवाहन के विधिवत् कार्यवाही करते हुऐ आरोपी गोवर्धन साहू पिता बालक दास साहू उम्र 59 वर्ष ग्राम पिनकापार पुलिस चौकी चिचोला जिला राजनांदगांव के कब्जे से एवं उसके मोटर सायकल क्रमांक सी.जी.-12- ए0टी0-6241 से 52 पौवा देशी प्लेन मदिर ,04 पौवा सिंडिकेट अग्रेजी शराब , कुल 56 पौवा शराब किमती 5160/रू को जप्त कर अपराध क्रमांक 232/2024 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्व कर आरोपी को गिरफतार जेल दाखिल किया गया।

# दार्शनिक और शिक्षाविद थे सर्वपल्ली राधाकृष्णन: त्रिपाठी

■ शहर कांग्रेस ने सर्वपल्ली डा.राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया

**राजनांदगांव 7 सितंबर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 05 सितंबर को शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा महान दार्शनिक शिक्षाविद व पूर्व राष्ट्रपति डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी की अध्यक्षता में गुरूवार 05 सितंबर को महान दार्शनिक शिक्षाविद व पूर्व राष्ट्रपति डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर शिक्षक दिवस मनाया। शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीनकाल से ही गुरू की विशेष पूजा होती आयी है। हमारे संस्कारधानी राजनांदगांव की पावन धरा में जन्में वरिष्ठ साहित्य शिक्षक पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानन माधव मुक्तिबोध और डा.बल्देव प्रसाद मिश्र सहित पंडित किशोरीलाल शुक्ल को याद करते है। शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन ने शिक्षाविद डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि मेरे जन्मदिन पर भेंट देना चाहते हो तो आज से शिक्षक दिवस मनाएं और बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें। इस दौरान प्रमुख रूप से महामंत्री नासिर जिंदरान, हनी ग्रेवाल, बबलू कसार, मुस्तफा जोया, अतुल शर्मा, रमन पटेल सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# जल जीवन मिशन से रश्मि के घर के साथ पूरे गांव के घरों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 सितम्बर।** गांवों में महिलाओं को पेयजल की परेशानी ना हो, उन्हें कुंओं तथा हैण्डपम्पों से पानी ना लाना पड़े, पानी के लिए लंबी-लंबी लाईनों से बचाने, बारिश के मौसम में पेयजल की समस्याओं का सामना ना करना पड़े, इसके लिए राज्य शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य शासन ने राज्य के सभी गांवों में हर घर साफ और सुरक्षित पानी पहुंचाने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में जल जीवन मिशन के तहत जिले के ग्राम बागतराई में डिस्ट्रीब्यूशन 240 मीटर एवं राइजिंग मेन 4600 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर गांव के 242 परिवारों को घर में नल कनेक्शन से साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जिले के ग्राम बागतराई निवासी श्रीमती रश्मि राजपूत ने बताया कि अब उनके घर के साथ ही गांव के सभी घरों में जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से टेप नल कनेक्शन नल से पानी मिल रहा है। श्रीमती रश्मि ने बताया कि उनके विवाह को 11 वर्ष हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह नहीं सोचा था कि कभी उनके घर में भी नल का पानी आएगा, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अब उनके घर के साथ पूरे गांव में नल से पानी की आपूर्ति होने लगी है। लेकिन आज यह हकीकत बन चुकी है। श्रीमती रश्मि ने बताया कि पूर्व में कुएं, हैंडपंप और तालाब से पानी भरना पड़ता था जिसमें अतिरिक्त मेहनत के साथ ही काफी समय व्यय होता था।



### कलेक्टर ने वजन त्यौहार आयोजन के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

# जिले में बच्चों के पोषण स्तर के आंकलन के लिए 23 सितम्बर तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 7 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वजन त्यौहार 2024 के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जिले में बच्चों के पोषण स्तर के आंकलन के लिए 12 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024 तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के सुपोषण के लिए उनके वजन की जानकारी होना जरूरी है। बच्चों को पौष्टिक आहार देते हुए उनके विकास की मॉनिटरिंग करना है। सामुदायिक सहभागिता से सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने रोस्टर बनाकर गांव-गांव में वजन त्यौहार का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी गांवों में मुनादी कराने कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार के आयोजन की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन मशीनों की उपलब्ध सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में आयोजित वजन त्यौहार में सभी संबंधित विभागों को समन्वित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने बताया कि वजन त्यौहार में प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की सही पोषण स्थिति से अवगत कराते हुए प्रत्येक गांव में कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाया जाएगा। कुपोषण की सही स्थिति को जानकर प्रत्येक बच्चे की जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज कर राज्य में कुपोषित बच्चों की स्थिति का डाटाबेस तैयार किया जाएगा। राज्य के प्रत्येक केन्द्र, ग्राम पंचायत, विकासखंड में कुपोषण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कुपोषण कम करने की कार्ययोजना तैयार किया जाएगा।

क्षेत्र विशेष, वर्ग विशेष में कुपोषण की पहचान करना जिससे यह भी स्पष्ट हो सके कि किन स्थानों पर और किन कारणों से कुपोषण अधिक है ताकि उनके लिए विशिष्ट कार्ययोजना बनाई जा सके। कुपोषण की रोकथाम के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेसलाईन सर्वे एवं लक्षित बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री समीर शर्मा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

## शिक्षकों के सम्मान में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



**छुरिया 7 सितंबर।** छुरिया मे सत्यम ब्लड ग्रुप छुरिया के संयोजन मे रक्तदान शिविर का आयोजन गायत्री मंदिर में किया गया। जिसमे क्षेत्र के युवाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान के प्रति युवाओं का जोश इस कदर था कि लक्ष्य से अधिक 40 लोगों ने रक्तदान किया और तो और कई लोगों के लिए रक्त की थैली नही था जिसके कारण रक्तदान नही कर पाए। इस कार्यक्रम मे क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो के युवाओं ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री अस्पताल एवं यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप एवं युवा रक्तवीर एवं गायत्री परिवार छुरिया का विशेष योगदान रहा। पुराने समय के लोगों मे एक धारणा होती हैं कि रक्तदान करने से शरीर मे कमजोरी होती हैं जिसके दबाव मे कई युवा रक्तदान करने से कतराते हैं। लेकिन जिनको रक्तदान करने के फायदें पता हैं ऐसे युवा आजकल रक्तदान करने के लिए आगे आ रहें हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर गायत्री मंदिर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे अधिकतर युवाओं ने प्रथम बार रक्तदान किया।

## टप्पा स्कूल में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया गया सम्मान



**डोंगरगांव 7 सितंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा में महान दार्शनिक व शिक्षाविद् महामहिम पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया।शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा सर्व प्रथम माँ सरस्वती व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर शिक्षक शिक्षिकाओं को मंच में आमंत्रित कर गुलदस्ता व उपहार भेंट कर सम्मानित किया समस्त शिक्षक शिक्षकों ने शिक्षा एवं शिक्षक के महत्व एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के योगदान पर प्रकाश डाला गया, छात्रों के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से गीत व कविता के माध्यम से कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 12 वी के छात्र डलेश्वर वर्मा व कुमारी दीक्षा वर्मा के द्वारा किया गया इस मौके पर शिक्षक गण रामेश्वर साहू, हेमंत साहू ,हीरालाल साहू ,वीरेंद्र रंगारी ,डैनी वर्मा,श्रीमती अन्नपूर्णा कोटांग्ले,श्रीमती मोनिका नायक, श्रीमती निशा मिश्रा, श्रीमती स्वलेहा खानम शेख, श्रीमती नम्रता बावनकर सुश्री चंद्रिका भारद्वाज, सुश्री सुनीता यादव,श्रीमती रेखा कड़वे,श्रीमती भगवती यारदा ,श्रीमती ज्योति बख्श, श्रीमती मालती ठाकुर, त्रिभुवन वर्मा,भेखज साहू व हुमन जोशी आदि उपस्थित थे।

## धामनसरा में अखंड रामधुनी



**राजनांदगांव 7 सितंबर।** ग्राम धामनसरा में समस्त ग्रामवासियों तत्वधान में तीज त्यौहार अवसर पर 6 एवं 7 सितंबर को अखंड रामधनी आयोजन किया गया जिसमें श्रीराम चंद पुजा अर्चना कर रामधुन भजन प्रारंभ किया जय मां दन्तेश्वरी बस्तरहीन रामधुनी भजन मंडली ग्राम चमर्राटोला जिला मोहला मानपुर चौकी वाले अगंद सवांद रावण वध झांकी आयोजन किया गया मंडली वाले सम्मान नगद राशि एवं श्री फल सम्मानित किया गया योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव बिसे पटेल अध्यक्ष पटेल समाज धामनसरा राज ढालू राम पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति उपाध्यक्ष सिलीप पटेल हिरदे यादव सुखेन पटेल कोषाध्यक्ष जानू राम पटेल भागवत दास वैष्णव पंच मोहित पटेल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

संपादकीय

# जो मौका नहीं चूकता है वह बनता है विजेता

खेल हो या राजनीति हो विजेता तो वही बनता है जो मौके पर नहीं चूकता है। इसलिए जिसको विजेता बनना होत है, वह एक बात सोचता है कि यह आखिरी मौका है, इसलिए इस मौके को नहीं चूकना है। वह मौके के महत्व को समझता है, कि यह मौका मिला है तो इसी मौके पर विजेता बनना है, इसके बाद क्या पता मौका ही न मिले। जो एक मौका नहीं चूकता है, उसे और मौके मिलते हैं जो एक बार मौका चूक जाता है तो उसे दोबारा मौका नहीं मिलता है। क्योंकि युग प्रतिस्पर्धा का है, कई लोग पीछे लाइन में लगे रहते हैं कि मौके के लिए। कई लोगों को तो एक मौका तक नहीं मिलता है। जो मौके पर नही चूकते हैं वह गोल्ड मेडल जीतते हैं। गोल्ड मेडल जीतने वाले को कहा जाता है, इसने मौका नहीं चूका इसलिए उसे गोल्ड मेडल मिला है। गोल्ड मेडल मतलब होता है कि सर्वश्रेष्ठ होना।मौके को वही नहीं चूकता जिसकी शारीरिक,मानसिक तैयारी पूरी होती है, कहीं से चूकने की कोई गुंजाइश नहीं होती है। पेरिस ओलिंपिक के बाद पेरिस पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर साबित किया है कि वह भी किसी से कम नहीं है।खुशी की बात यह है कि सामान्य खिलाड़ियों की तुलना में हमारे देश के पैरालिंपिक खिलाडियों ने ज्यादा अच्छा प्रदर्शन किया है। उनसे ज्यादा पदक जीते हैं। हमारे सामान्य खिलाड़ी तो एक गोल्ड मेडल तक नहीं जीत सके थे। इसलिए ओलिंपिक की पदक सूची में भारत बहुत नीचे रह गया था। पैरालिंपिक में भारत पांच गोल्ड मेडल जीतने के कारण पदक सूची में इतना ऊपर है कि हर भारतीय को अपने पैरालिंपिक खिलाड़ी के प्रदर्शन पर गर्व है। जब भी किसी देश के खिलाड़ी पहले से ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो लगता है कि खिलाड़ियों ने पिछली चूक से सबक लिया है, और ज्यादा मेहनत की और पिछली बार से ज्यादा मेडल जीतने के लिए खेला है। हमारे सामान्य खिलाड़ी तो पिछली बार से कम पदक जीते और गोल्ड तो एक भी नहीं जीत पाए लेकिन हमारे पैरालिंपिक खिलाड़ियों ने तो पिछली बार से बेहतरीन प्रदर्शन क्यिा है और पदक भी ज्यादा जीते हैं, इस आधार पर कहा जा सकता है कि मेडल जीनते की उनकी तैयारी ज्यादा अच्छी थी। भारत ने पांच खेलों में पांच गोल्ड समेत 25 मेडल जीते हैं तो यह इसका मतलब है कि वह मेडल जीतने से चूके नहीं है। मेडल जीतने के लिए जैसी तैयारी करनी थी वैसी तैयारी खिलाड़ियों ने की है। तैयारी थी तब ही तो पांच खेलों में दो दो मेडल खिलाड़ी जीत सके हैं।क्लब थ्रो मे हमारे खिलाड़ा धर्मवीर ने गोल्ड,प्रणव सूरमा ने सिल्वर, हाई जंप में शरद कुमार सिल्वर,मरियप्पन थंगावेलू ब्रांज,जैवलिन थ्रो में अजीत सिंह सिल्वर, सुंदर सिंह गुर्जर ब्रांज, बैडमिंटन में थुलासीमाथी मुरुगेसन सिल्वर,मनीषा रामदास ब्रांज,शूटिंग में अवनी लेखरा गोल्ड,मोना अग्रवाल ब्रांज पदक जीता है। टोक्यों में चार खेलों में पैरालिंपिक खिलाडियों ने दो दो मेडल जीते थे, इस बार पांच खेलों में दो दो पदक जीतने से साफ है कि हमारे पैरालिंपिक खिलाड़ी हर ओलिंपिक में और बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं और उसमें सफल भी है। पेरिस ओलिंपिक हमारे सामान्य खिलाडी ज्यादा संख्या में भेजे गए थे और पदक पिछली बार से एक कम जीता जबकि पैरालिंपिक में हमारे खिलाड़ी कम भेजे गए हैं और उन्होंने पदक ज्यादा जीते हैं। जरूरी नहीं है कि देश के खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा खेलों में भाग लें और पदक कम जीतें। ज्यादा जरूरी यह होना चाहिए कि खिलाड़ी कम खेलों में भाग लें लेकिन पदक ज्यादा जीते। हमारे यहां होता यह है कि खेलों में पैसा तो ज्यादा खर्च होता है,लेकिन पदक हमारे खिलाड़ी जीत नहीं पाते है, इससे ऐसा लगता है कि हमारे खिलाड़ी पदक जीतने नहीं जाते हैं, हमारे खिलाड़ी खेलों में हारने के लिए जाते हैं। सामान्य खिलाड़ियों की तुलना में पैरालिंपिक खिलाड़ियों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है, उनको पदक जीतने पर पुरस्कार भी ज्यादा नही दिया जाता है, अब वक्त आ गया है कि पैरालिंपिक खिलाड़ियों पर भी सामान्य खिलाड़ियों की तरह ध्यान दिया जाए,ज्यादा पुरस्कार दिया जाए, उनका ज्यादा सम्मान किया जाए। मेडल जीतने वाले सामान्य खिलाड़ी देश के हीरो हैं तो दिव्यांग खिलाड़ी भी तो देश के हीरो है, उनको भी हीरो की तरह सम्मान होना चाहिए।

संदर्भ

निर्मल रानी

# 'एक्ट ऑफ फ्रॉड' और प्रधानमंत्री की मुआफी ?

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग ज़िले के मालवन में स्थित राजकोट किले में केवल आठ माह पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों छत्रपति शिवाजी महाराज की जिस 35 फुट ऊँची मूर्ति का उद्घाटन किया गया था वह प्रतिमा गत 26 अगस्त को ताश के पत्तों की तरह ढह गयी। चूँकि शिवाजी महाराज को मराठा स्मिता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है और इसी महाराष्ट्र राज्य में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं इसलिये वक़्त की नजाकत को भांपते हुये शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा ढहने के मामले पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी से माफी मांगने के लिये सामने आना पड़ा। मूर्ति खंडित होने के बाद महाराष्ट्र के पालघर ज़िले में वधावन बंदरगाह परियोजना के



शिलान्यास समारोह के दौरान मोदी ने कहा कि ₹छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल हमारे लिए एक महान व्यक्ति हैं, बल्कि वह हमारे आदर्श हैं। मैं उस मूर्ति के चरणों में झुक रहा हूं और अब उनसे सिर झुकाकर माफी मांग रहा हूं। हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव हैं।₹ प्रधानमंत्री की मुआफी से पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी यही कहा था कि वे इस घटना पर सौ बार माफी मांगने को तैयार हैं। जबकि उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने भी इस घटना के फौरन बाद ही माफी मांग ली थी। किसी मूर्ति खंडित होने के बाद भ्रष्टाचार के इसतरह सिर चढ़कर बोलने के बाद आजतक 'मुआफियों ' का ऐसा सिलसिला पहले कभी नहीं देखा गया। परन्तु इन मुआफी नामों का केवल एक ही कारण है कि राज्य में चुनाव सिर पर हैं और विपक्ष छत्रपति शिवजी महाराज की प्रतिमा विखंडित होने को लेकर सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी पर यही कहते हुये हमलावर है कि चूँकि मूर्ति निर्माण व स्थापना के काम की गुणवत्ता की भारी कमी थी और इसके अनावरण में जल्दबाजी की गयी। जिसका कारण केवल भ्रष्टाचार था। और भ्रष्टाचार की वजह से हवा के झोंके मात्र से मूर्ति का गिरना बेहद शर्मनाक है। इसी तरह गत वर्ष उज्जैन के महाकाल लोक में 15 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गयी देवताओं,ऋषियों मुनियों व की मूर्तियां जिनमें प्रति मूर्ति की कीमत लगभग 11लाख रुपए बताई गयी थी, उनमें कई मूर्तियां तेज हवा में उड़कर दूर जा गिरी थीं और बुरी तरह खंडित हो गयी थीं। यह मूर्तियां भी अंदर से खोखली थीं और इन्हें स्टील रॉड से अंदर से मजबूत नहीं किया गया था। ऐसी लगभग 136 मूर्तियां पूरे महाकाल लोक में लगाई गई हैं। तेज आंधी-तूफान में इन मूर्तियों के उड़कर गिरने व खंडित होने के समय भी इसके निर्माण में हुये घोर भ्रष्टाचार पर सवाल उठे थे। परन्तु उस समय किसी ने मुआफी मांगने की जरुरत महसूस नहीं की थी क्योंकि तब चुनाव भी दूर थे और वैसे भी इन भ्रष्टाचारियों को पता था कि देवताओं,ऋषियों मुनियों के मूर्ति विखंडित होने से चुनाव पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। परन्तु सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री के मुआफी मांगने के बावजूद भ्रष्टाचार के कलंक को धोया भी जा सकेगा ? और प्रधानमंत्री कहाँ कहाँ मुआफी मांगते फिरेंगे ? राम मंदिर बारिश में टपकने लगा,देश का नवनिर्मित संसद भवन भी टपकता नजर आया। अयोध्या का राम पथ जगह जगह धंस गया तो दिल्ली सहित देश के कई हवाई अड्डे की छतें कहीं धराशायी हो आईं तो कहीं टपकने लगीं। 30 अक्टूबर 2022 को गुजरात के मोरबी में केबल ब्रिज हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। कितनी रेल दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह सभी भ्रष्टाचार और लापरवाही के मामले थे। किसी ने न तो मुआफी मांगी न गलती स्वीकार की। कितने शहरों में भ्रष्टाचार के कारण जल निकासी न होने से शहर के शहर डूब रहे हैं। कोई पूछने वाला नहीं। कोई जिम्मेदार नहीं। परन्तु जब कोलकाता में 31 मार्च 2016 को विवेकानंद पुल गिरने की घटना हुई उस समय चुनावी बेला में प्रधानमंत्री ने इस हादसे पर कैसी कैसी बातें की थीं। प्रधानमंत्री ने ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि -'कोलकाता में हुआ फ़्लाई ओवर हादसा 'दैविक संदेश' है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ गॉड नहीं एक्ट ऑफ फ्रॉड है'। उन्होंने ममता बनर्जी को सम्बोधित करते हुये एक जनसभा में कहा था कि- 'कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए। लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है। उनकी बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया।'

देश ने जब प्रधानमंत्री का 'न खाऊंगा न खाने दूंगा ' का वचन सुना तो देशवासियों में निश्चित रूप से यह उम्मीद जगी थी कि शायद देश अब भ्रष्टाचार मुक्त होने जा रहा है। देश भर में भ्रष्टाचार के आरोपियों या संदिग्धों पर पड़ने वाले ई डी,सी बी आई व आयकर विभाग के छापे भी यही संकेत दे रहे थे। स्वयं को जब प्रधानमंत्री ने चौकीदार बताया तो भी देश को लगा था कि देश की सीमाओं सहित धन सम्पदाओं व राजस्व की निगरानी होगी। परन्तु शीघ्र ही जब इसी देश ने यह भी देखा कि प्रधानमंत्री द्वारा कल तक जिन्हें भ्रष्टाचारी बताया जा रहा था वही प्रधानमंत्री के पाले में आने के बाद न केवल सदाचारी हो जाते हैं बल्कि मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद भी हासिल कर लेते हैं ? देश ने यह भी देखा कि किस तरह भ्रष्टाचारियों ने एलेक्टोरल बांड खरीद कर भ्रष्टाचार करने और देश को लूटने का लाइसेंस हासिल कर लिया है। किस तरह चंद उद्योगपतियों के हवाले देश के अनेक सरकारी उपक्रम किये जा रहे हैं यह भी देश देख रहा है। ऐसे में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का गिरना और केवल महाराष्ट्र के चुनावी वातावरण में मुआफी मांग कर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश करना पर्याप्त नहीं होगा। देश यह कैसे नजरअंदाज कर सकता है कि हर्बर्ट बेकर व एडविन लुटियंस की डिजाइन पर निर्मित व 1927 में उद्घाटन किया गया देश का संसद भवन तो आज तक बारिश में नहीं टपका परन्तु नवनिर्मित संसद भवन एक बारिश भी झेल नहीं सका ? इसी तरह पुणे के शिवाजी नगर में 96 वर्ष पूर्व शाहूजी महाराज की पहल पर लगाई गयी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा तो अभी तक जस की तस खड़ी है जबकि मात्र 8 महीने पहले बनी शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढह गई है। जरुरत तो इसी बात की है



कि 2016 में जिसतरह प्रधानमंत्री ने कोलकता के विवेकानंद पुल गिरने की घटना को 'एक्ट ऑफ फ्रॉड' बताया था और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को खरी खोटी सुनाई थी उसी तरह की प्रतिक्रिया छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने पर भी आनी चाहिये। साथ ही इस गैरजिम्मेदाराना कृत्य के लिये जिम्मेदार लोगों को सख़्त सजा भी दी जानी चाहिये।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा, तभी आप अपने कर्ज को काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे। आपको किसी काम के चलते अक्स्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके मित्र आपकी किसी समस्या का समाधान खोजने में आपकी मदद करेंगे। राजनीति को लेकर आपको थोड़ा सा ध्यान देना होगा, क्योंकि कुछ लोग आपके खिलाफ कोई साजिश रचने की कोशिश करेंगे। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

वृषभ- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके पिताजी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में हो सम्मिलित हो सकते हैं, जिससे आपकी साख चारों ओर फैलेगी और आपको किसी धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपनी सेहत का पूरा ध्यान दें और समय-समय पर जरूरी टेस्ट करवाते रहें। आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप अपने घर परिवार में किसी बंटवारे को लेकर वाद विवाद में पड़ सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मौजमस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देंगे और आपको कोई महत्वपूर्ण काम सौंपा जा सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके कामों में वृद्धि होगी, लेकिन आपको काम से घबराने की आवश्यकता नहीं है। आपके पिताजी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी। आपको अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपके कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह भी आपको वापस मिल सकती हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए अपने सीनियर से बातचीत करेंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। सामाजिक कार्य में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपकी संतान को किसी परिक्षा में अच्छे परिणाम मिलने से जश्न का आयोजन हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास करेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी, जो आपको समस्या देंगे। आपको अपनी किसी पुरानी गलती को लेकर पछतावा होगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा और आप तरक्की करेंगे। आप भगवान की भक्ति में जुटे नजर आएंगे। जीवनसाथी के साथ आप कुछ खुशनुमा पल व्यतीत करेंगे। आपके कामों को करने की गति तेज रहेगी। आप अपने धन को लेकर सुख सुविधाओं पर अच्छा खासा धन देंगे। संतान की किसी फरमाइश पर आप वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर कुछ कड़वाहट आ गई थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई में एकाग्र होकर जुटेंगे, तभी वह परीक्षा में अच्छी सफलता हासिल कर सकेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारी पर आप पूरा ध्यान देना होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में रहेगी। आप छोटे बच्चों के साथ मौज मस्ती करते नजर आएंगे। यदि परिवार में किसी सदस्य को लेकर कुछ समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आप परिवार के सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अपने किसी विषय में बदलाव करना नुकसान देगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगों को अपने कामों को लेकर रणनीति बनाकर आगे बढ़ना बेहतर रहेगा। यदि आपका धन डूबा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपको अपनी किसी मित्र की याद सता सकती है। जीवनसाथी से संबंधों में यदि कुछ कटुता चल गई थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपको अपने धार्मिक कार्यों मे सोच विचारकर आगे बढ़ना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। विद्यार्थी अपने कामों में कुछ कठिनाइयां महसूस करेंगे। आपको अपने भविष्य की चिंता सता सकती है। जीवनसाथी से आप किसी मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती के लिए पछतावा होगा। जीवनसाथी के साथ आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। भविष्य को लेकर आपको प्लानिंग करनी होगी। सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट में धन लगाने से पहले आपको मार्केट की चाल को समझना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाले हैं। भाईचारे की भावना आपके मन में रहेगी। आपके परिवार के सदस्य आपके कामो में आपका पूरा साथ देंगे। आपको किसी काम में यदि कोई समस्या आएगी, तो आप अपने भाईयों से सलाह कर सकते हैं। संतान को कोई पुरस्कार मिलने से आपको खुशी होगी। परिवार में किसी मार्गलिक का आयोजन हो सकता है। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह को लेकर किसी मित्र से बातचीत कर सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के लिए रहेगा। आपको किसी भी बड़े निवेश को करने से बचना होगा। पारिवारिक संपत्ति को लेकर यदि आज कोई कलह उत्पन्न हो, तो आप उसमें शांत रहें और बातचीत करके उसको निपटने की कोशिश करें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में खुशियां भरपूर रहेंगी। आप व्यस्त रहने के कारण अपने बाकी कामों पर ध्यान थोड़ा कम देंगे। आप किसी से धन उधार न लें, नहीं तो आपको उसे उतारने में समस्या आएगी। ससुराल पक्ष से यदि आप कोई लेनदेन करें, तो उसमें अपने आंख- कान खोलकर रखें।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचना होगा और किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना बेहतर रहेगा। आप किसी बात को लेकर क्रोध न करें और आप अपनी वाणी पर पूरा ध्यान दें। घर परिवार में लोगों को आज आपके दिए गए कामों से कुछ उलझने रहेंगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के भविष्य को लेकर किसी प्लान को बना सकते हैं। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आप आय को बढ़ाने के स्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे, जिसमें आपको सफलता भी अवश्य मिलेगी। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिलजुलकर निपटाने की कोशिश करें। कोई महत्वपूर्ण डील फाइनल होते-होते लटक सकती है, जिससे आपको थोड़ी समस्या आएगी। आप अपने पारिवारिक बिजनेस को लेकर कोई योजना बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे।

व्यंग

# हैदराबादी कुर्सी



अरे भाई, अपने शहर हैदराबाद की बात ही निराली है। यहाँ की गली-गली में जो बयार बहती है, वो क्या कहें ! अब देखिए, दिल्ली में कभी कोई तैमूर, तो कभी चंगेज खाँ आए, वहाँ से लेकर यहां तक बड़े-बड़े लोग आए, लूट कर चले गए। सोने-चाँदी, हीरे-जवाहरात सब उठा ले गए, लेकिन हमारे हैदराबाद का वो 'सिंहासन', मतलब यहाँ के कल्चर का कोई जवाब नहीं मिला उनको। वो सिंहासन जो कि रिवायत और इज्जत का हिस्सा था, वो यहाँ की हवा में ही रचा-बसा है।अब बात करें सिंहासन की, तो आजकल वो कुर्सी बन गया है। पहले राजा-महाराजा सिंहासन पर बैठते थे, और शेर की तरह दहाड़ते थे, अब ये कुर्सी वाले भी कम नहीं हैं। कुर्सी पर बैठते ही बंदा खुद को असली शेर समझने लगता है। कुर्सी का अंग्रेजी नाम 'चेयर' है, जो अंग्रेजों की देन है। वैसे, उन्होंने हमें रंगरेज बना दिया, हर चीज में अपने रंग भर दिए। अब ये 'चेयर' असल में 'चीयर' से निकला है, जो उनके दोस्त-चमचों ने कुर्सी पर बैठने वाले पहले हिन्दुस्तानी को चियर-चियर करके इतना चीयर किया कि वो चेयर हो गया।अब भाई, हम भी एक रिसर्च करने लगे थे, टॉपिक था ह्यसिंहासन से कुर्सी तक झ एक नजरह्न। इसके लिए हमने किसी प्रोफेसर को गाइड नहीं बनाया, सीधे हमारे शहर के एक मंत्री साहब को गाइड बना लिया। उनकी एक खासियत थी झ जब तक मंत्री रहे, उनका मुँह हमेशा टेढ़ा रहता था। सीधे मुँह बात कभी की ही नहीं। मुँह से सीधे शब्द भी निकलते थे, तो टेढ़े हो जाते थे। जैसे ही कुर्सी छूट गई, मुँह एकदम सीधा हो गया। फिर सोचा कि भाई, गलती मंत्री जी की नहीं, बल्कि कुर्सी की है।एक दिन हम मेगनीफाइंग ग्लास लेकर मंत्री जी की कुर्सी का मुआयना करने लगे। वहाँ हमें छोटे-छोटे खटमल जैसे जीव मिले, जो सिर्फ वीआईपी लोगों की कुर्सियों में पनपते हैं। ये जीव, मंत्री साहब के साथ उनके बंगले तक चले आते थे और वहाँ जाकर अपनी जनसंख्या बढ़ा लेते थे। ये जीव परिवार नियोजन के सख्त खिलाफ थे। जो भी इन कुर्सियों पर ज्यादा समय तक बैठता, उसका मुँह भी टेढ़ा हो जाता। वजह ये कि ये जीव कुसीर्धारी के खून में से जनसेवा, कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी, और काम के प्रति निष्ठा के कीटाणु चूस लेते हैं, और बदले में अहंकार, चालाकी, और वाक पटुता के कीटाणु भर देते हैं। कुछ ही दिनों में कुसीर्धारी में बदलाव दिखने लगता है, और उसे इन जीवों से कटवाने का ऐसा नशा हो जाता है कि बिना इनके काटे एक दिन भी गुजारना मुश्किल हो जाता है।अब हमारे हैदराबाद में एक बड़े ही नेक जनसेवक हैं। सोते-जागते जनसेवा करना उनकी आदत है। कांधे पर झोला लटकाए, और झोले में हर किस्म की चीजें ठूंसे हुए, बिना किसी स्वार्थ के लोगों की मदद करते हैं। उनकी निःस्वार्थ सेवा को देखते हुए शहर के कुछ बड़े लोग सोचने लगे कि इन्हें विधानसभा में होना चाहिए ताकि ये और अच्छी तरह से सेवा कर सकें। सो 67 में उन्हें जबरदस्ती एमएलए बना दिया गया। कुछ दिन कुर्सी पर बैठने के बाद ये जनसेवक भी कुर्सी के जीवों के असर में आ गए। अब हाल ये है कि कुर्सी के बिना उनका नशा पूरा ही नहीं होता। एक साथ तीन-तीन कुर्सियों पर बैठे रहते हैं, और हमेशा ऐसी कुर्सी की तलाश में रहते हैं जिसमें ज्यादा जीव बसते हों। सुना है कि एक खास मंत्रालय की कुर्सी में ये जीव भर-भर के होते हैं, तो अब जनाब उसी कुर्सी के पीछे पागलों की तरह दौड़ते फिर रहे हैं।इससे सेठ लोग बहुत समझदार होते हैं। उन्हें पता है कि कुर्सी का नशा नुकसानदेह होता है। इसलिए उनकी दुकानों में कुर्सियों की जगह तख्त होते हैं, और उन पर मोटे गद्दे और तकिए रखते हैं। सेठ हमेशा सीधे मुँह बातें करता है, दाँत निपोरे रहता है, और इतनी दीनता दिखाता है कि तोंद के नीचे उसका सिर ही नहीं दिखता। तो भाई, हैदराबाद की कुर्सी का मिजाज ऐसा है कि उस पर बैठते ही आदमी को अपने अहम का पूरा एहसास हो जाता है। ये कुर्सी धर्म, जाति, सब में बराबर है। चाहे कोई भी धर्म मानने वाला हो, कुर्सी उसे अपनाने में एक पल भी नहीं लगाती। आखिर, कुर्सी के जोड़ों में जो जीव बसे हैं, वो जानते हैं कि खून तो हर धर्म का लाल ही होता है, और उन्हें हर धर्म के लोगों की ईमानदारी, निष्ठा, और जनसेवा का खून चाहिए, जिससे वे खुद को तंदुरुस्त रख सकें।




8 सितंबर विश्व फिजियोथेरेपी दिवस...

डॉ . हर्ष – रश्मि मोतीरमानी

# वैश्विक स्वास्थ्य चिंता से जुड़ा है फिजियोथेरेपी



विश्व फिजियोथेरेपी दिवस एक ऐसा दिन है जब शारीरिक विकृतता के लिए चिंता उभरकर सामने आती है । किसी भी प्रकार की शरीर की मूवमेंट से संबंधित समस्या का निदान केवल फिजियोथेरेपिस्ट के पास ही उपलब्ध हो पाता है । विशेष रूप से फ्रोजन सोल्डर में फिजियोथेरेपी कारगर सिद्ध होती आ रही है । यह एक ऐसी विकृति है जो लंबे समय तक कंप्यूटर के माध्यम से कार्य संपन्न करने पर उत्पन्न होती है । इसका दूसरा महत्वपूर्ण कारण आज के युग में मनुष्य द्वारा खुद के लिए समय निकालकर पैदल चलना या एक्सरसाइज न करने के रूप में सामने आ रही है । पूरे दिन एक जैसी मुद्रा में बैठकर काम करते रहने से ही शरीर के जोड़ वाले हिस्से मूवमेंट न होने के कारण कार्य करने में असफल होने लगते हैं । हाथों के मूवमेंट में भी कमी आने अथवा उपर न उठाए जाने पर फ्रोजन सोल्डर जैसी समस्या उत्पन्न होने लगती है । इसी वजह से कंधे की हड्डियों को हिलाना - डुलाना मुश्किल होने लगता है । मेडिकल भाषा में इसी विकृति के कारण पैदा होने वाले असहनीय दर्द को ₹ एडहेसिव कैप्सूलाइटिस ₹ कहा जाता है । प्रत्येक व्यक्ति को यह जानना जरूरी है कि मानवीय शरीर में प्रत्येक ज्वाइंट के बाहर एक कैप्सूल होता है । फ्रोजन सोल्डर में यही कैप्सूल स्टिफ या सख्त हो जाता है । इसकी वजह से दर्द धीरे - धीरे और अचानक बढ़ते हुए पूरे कंधे को जाम कर देता है तथा काम करने से पूरी तरह मना कर देता है । फ्रोजन सोल्डर की पहचान कर पाना भी इतना आसान नहीं होता है । प्रायः किसिबप्रकार की चोट को इसका कारण मान लिया जाता है जो सौ - फीसदी सही नहीं हो सकता है । कभी - कभी यह चोट की वजह से जरूरचो सकता है । फ्रोजन सोल्डर में दर्द अचानक उठता है । यह अपना असर इस तरह दिखता है कि धीरे - धीरे कंधे को उठाना अर्थात हिलाना - डुलाना मुश्किल हो जाता है । इस समस्या के तीन चरण हो सकते हैं । इन्हें फ्रीज पीरियड , फ्रोजन पीरियड तथा सुधार के द्वारा जाना जा सकता है । जब हमारा कंधा फ्रीज होने लगता है अथवा जाम होने लगता है तब इसे फ्रीज पीरियड का नाम दिया जाता है । इस स्थिति में असहनीय दर्द होता है , जो रात में और अधिक प्रभाव दिखाता है । इस स्थिति में पीड़ित कंधे को तनिक भी मूव जताने में असमर्थ होता है। कंधे के दर्द का दूसरा चरण फ्रोजन पीरियड कहा जा सकता है । इस चरण में कंधे की स्टिफनेस बढ़ती जाती है । धीरे - धीरे कंधे की गतिविधियां कम होने लगती हैं । दर्द बहुत होता है , किंतु इसे असहनीय नही कहा जा सकता है । फ्रोजन सोल्डर का तीसरा रूप सुधार के न से पहचाना जाता है । यह ऐसी स्थिति है जब पीड़ित लगने कहता है कि उसके दर्द में कमी आ रही है । मूवमेंट भी थोड़ा - बहुत होने लगता है , किंतु दर्द कभी - कभी अचानक उठता है और बेचैन करने लगता है । कंधे का दर्द किसी भी स्तर का हो इसके इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं दिखानी चाहिए । लक्षण और शारीरिक जांच के उपरांत कुशल फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर



इलाज की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए । प्रारंभिक जांच के साथ ही डॉक्टर कंधों और बांह के के कुछ खास हिस्सों पर दबाव देकर दर्द की तीव्रता को जांचते - परखते हैं । इसके अलावा एक्स- रे या फिर एम आर आई कराने की सलाह भी दी जाती है । जहां तक इलाज और दवाइयों की बात की जाए पीड़ित को पेन किलर के साथ ही स्टेरॉयड ,इंजेक्शन , सोल्डर मैनिपुलेशन और फिजियोथेरेपी के अंतर्गत एक्सरसाइज जैसी प्रक्रिया से गुजरना होता है ।

उपचार के मामले में डॉक्टर्स द्वारा फ्रीजिंग स्टेज को ध्यान में रखते हुए दर्द से राहत के लिए कंधे को बड़ी ही सहजता के साथ धीरे - धीरे हिलाना , मांसपेशियों को ढीला करना , ड्राई नीडलिंग और कोइनस्योलॉजी टेपिंग जैसी थेरेपी देना शुरू किया जाता है । टेंस मशीन के उपयोग द्वारा दर्द को कम करने का प्रयास भी शुरू किया जाता है , जो काफी राहत देने वाला होता है । इसमें कंधों की गतिशीलता से संबंधित व्यायाम कराए जाते है । विशेष रूप से पेंडुलम व्यायाम , कंधों को आगे की ओर उठाना , कंधे जा बाहरी घुमाव और कंधे का प्रभावी तरीके से आंतरिक और बाह्य घुमाव इलाज में शामिल किया जाता है । एक्सरसाइज शुरू करने से पहले दर्द में राहत के लिए गर्म या ठंडा पैक लगाया जा सकता है । स्ट्रेचिंग के साथ नम गर्मी के प्रयोग से मसल की विस्तारशीलता में सुधार देखा गया है । सहनशीलता के साथ पीड़ित पुल्ली एक्सरसाइज भी कर सकता है । फ्रोजन स्टेज के दौरान कंधे के जोड़ की गति की सीमा में कमी आती है । कंधे के जोड़ की गतिशीलता और खिंचाव , मसल को आराम देने की तकनीक , ड्राई नीडलिग और क्षमता को पुनः प्राप्त करने के लिए व्यायाम का सहारा लिया जा सकता है । मोबिलाइजेशन के साथ मूवमेंट शैली जैसी तकनीक सबसे प्रभावी इलाज मानी जा सकती हैं । दर्द से राहत के लिए गर्म और ठंडा पैक लगाया जा सकता है । छाती की मसल्स और कंधे की मांसपेशियों के लिए स्ट्रेचिंग वाला व्यायाम करते रहना चाहिए । मांसपेशियों की ताकत बनाए रखने के लिए आइसोमेट्रिक या स्टेटिक संकुचन जैसे व्यायाम भी किए जा सकते हैं । इसे कंधे में दर्द बढ़ने की चिंता के बिना किया जा सकता है । इसी इलाज के चरण में शामिल सुधार चरण पीड़ित को सबसे अधिक आराम देने वाला होता है ।

इस समय मजबूती बढ़ाने वाले व्यायाम महत्वपूर्ण माने जा सकते है क्योंकि कुछ महीनों तक काम हरकत करने के बाद कंधा काफी कमजोर हो जाता है । जाम हुए कंधों की तुलना में पीड़ित सहन की गई सीमाओं के भीतर , लंबे समय तक धारण अवधि के साथ अधिक गतिशीलता वाले व्यायाम भी आइसोमेट्रीक या संकुचन से आगे और अंततः वजन वाली मशीनों तक पहुंच सकते हैं । रोटेटर कफ व्यायाम , साथ ही डेल्टोइड और चेस्ट की मसल्स के लिए व्यायाम उपचार में शामिल किए जा सकते हैं । समय रहते सहीं व्यायाम तकनीक के द्वारा इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है ।

**संजीवनी फिजियोथेरेपी क्लिनिक**
**लालबाग , राजनांदगांव**

# गांवों से लेकर शहरों तक जगह- जगह विराजे गणपति

## पूजन सामग्रियां खरीदने दुकानों में एवं फल बाजारों में रही भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 7 सितंबर।** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर आज 7 सितंबर दिन शनिवार को शुभ मुहर्त में प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की एक से एक आकर्षक प्रतिमाएं नगर के पंडालों में जगह जगह विराजे हैं कई जगहों पर शाम को गणेश जी विराजेंगे जिसकी तैयारी जोर शोर से गण्शेशोत्सव समितियां द्वारा की जा रही है। न केवल पंडालो में वरन घर घर में भी आज शुभ मुहूर्त में बप्पा विराजमान होंगे। गणेश चतुर्थी पर्व के मद्देनजर आज बाजारों में काफी चहल पहल देखी जा रही है। लोग गणेश जी की प्रतिमा खरीदने बाजार पहूंच रहे हैं। पूजा सामाग्री खरीदने दुकानों में एवं फल मार्केट में भी काफी भीड देखी जा रही है।



आज गणेश चतुर्थी है। प्रथम पूज्य भगवान गणेश के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में उत्साह व खुशी का वातावरण देख जा रहा है। लोग सुबह से ही अपने चित परिचितों, दोस्तों रिश्तेदारों को मोबाईल फोन पर, व्हाटसअप, इंस्टाग्राम तथा स्टेटस पर बप्पा के साथ अपनी फोटो लगाकर एक दुसरे को गणेश चतुर्थी की बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश दे रहे हैं। बाजारों में भी काफी गहमा गहमी है। गणेश चतुर्थी को उत्साह के साथ मनाने की तैयारी में श्रद्धालु अल सुबह से लगे हुए हैं। फल, सजावट व पूजा सामाग्री खरीदने बाजारों में काफी चहल पहल दिखाई पड़ रही है। ज्योतिषियों ने इस साल चतुर्थी पर सुबह 11 बजकर 3 मिनट से रात 11 बजकर 34 मिनट तक घर में गणपति की स्थापना का शुभ मुहूर्त बताया है। पंडित टीजी स्वामीजी की मानें तो आज सुबह सूर्योदय से लेकर शाम तक गणेश स्थापना का मुहूर्त है बिना संकोच एवं भय के कोई भी जातक आज पूरे दिन में किसी भी समय अपने घर पर एवं पंडालों में गणेश जी की स्थापना विधि विधान के साथ कर सकता है। वहीं गणेशोत्सव पंडालों में आज शाम शुभ मुहूर्त में बप्पा धुमधाम के साथ विराजेंगे। चतुर्थी पर पंडालों में तो गणेश जी विराजते ही हैं साथ ही श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव के साथ अपने अपने घरों पर भी छोटे सुंदर मनमोहक बप्पा को बैठाते हैं और पूरे भक्तिभाव के साथ 11 दिनों तक घर में सपरिवार गणेश जी की आरती, पूजा वंदना में मग्न होकर गणेश जी की सेवा करते हैं। चतुर्थी के मर्द्देनजर आर बाजारों में एक से बढकर एक बप्पा की प्रतिमाएं बिकने के लिए पहुंची हैं जिसे खरीदने लोग बडी संख्या में बाजार का रूख कर रहे हैं न केवल शहरी इलाकों में बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी गणेश जी की प्रतिमाएं गली मोहल्लों में बिठाई जाती है जिसके लिए ग्रामीण इलाकों से भी लोग बाजार पहुंच मन पंसद एवं बजट अनुरूप गणेश जी की प्रमिाएं खरीद कर ले जा रहे हैं। आज से पूरे 11 दिनों तक अब शहर में बप्पा की ही धुम दिखाई व सुनाई पड़ेगी।

### मां दंतेश्वरी मंदिर में गणेश प्रतिमा की हुई स्थापना

शक्तिपीठ दंतेवाड़ा के विश्व प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी के मंदिर में हर वर्ष की भांति इस साल भी चतुर्थी पर परंपरानुसार प्रथम पूज्य भगवान गणेश की स्थापना कर पूजा अचर्ना की गई। मां दंतेश्वरी देवी के मंदिर में गणपति बिठाने की परंपरा बीते 75वर्षो से चली आ रही है। गौरतलब है कि मां दंतेश्वरी शक्तिपीठ में 11वीं से 13वीं शताब्दी तक की पांच से अधिक गणेश की प्रतिमाएं अलग अलग स्थानों में विराजमान हैं। इनका संरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा किया जा रहा है। इन मूर्तियों में तेल आदि अर्पित करना वर्जित है। इसलिए सेवादारों ने शक्तिपीठ में गणेश बिठाकर उत्सव मनाने की परंपरा शुरू की है। प्रधान पुजारी ने बताया कि भगवान गणेश सभी देवों में प्रथम पूज्य हैं। इसलिए गणेश चतुर्थी के अवसर पर हर साल गणपति की स्थापना की जाती है यह परंपरा अनादिकाल से चली आ रही है। पुजारी के मुताबिक बीते 1949 से मंदिर में गणपति बिठाने की शुरूआत हुई थी इस परंपरा को आज भी निभाया जा रहा है। पुजारी ने बताया कि आजादी के बाद वर्ष 1938 में मंदिर के संरक्षण और पूजा पाठ व्यवस्था के उद्देश्य से बस्तर महाराजा ने टेंपल स्टेट कमेटी की स्थापना की थी। वहीं शक्तिपीठ का संरक्षण भारतीय पुरातत्व संरक्षण विभाग द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के भीतर रखी गई गणेश की पत्थर की प्रतिमा पर तेल घी चढ़ाना वर्जित किया गया है इसलिए चतुर्थी पर हर वर्ष अलग से मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाती है जिसकी सेवा पूरे 11 दिनों तक मंदिर के सभी सेवादार बारी बारी से करते हैं।



# पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

- महिलाओं ने की रात जागरण, गौरी शंकर की हुई पूजा
- पूजन सामग्रियां ठंडा करने डंकनी नदी घाट पर महिलाओं की लगी रही भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 7 सितंबर।** सुहागिन महिलाओं ने गुरूवार को चौबिस घण्टे का निजर्ला व्रत रखकर अपने पतियों की लंबी आयु और उनकी रक्षा के लिए तीज व्रत रखा। इस मौके पर गीत संगीत का आयोजन भी किया गया। तीज पर्व पर बीती रात महिलाओं ने जागरण किया और गौरी शंकर की पूजा अर्चना की। आज सुबह नदी तट पहुंचकर पूजा आदि सामग्री को विधिवत ठण्डा कर महिलाओं ने व्रत का परायण किया। भादो महिने के शुक्ल पक्ष के तृतीया को मनाया जाने वाला हरितालिका तीज गुरूवार को अंचल में पुरे उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञात हो कि भगवान शिव पार्वती के पूजन के साथ शुरू होने वाले इस व्रत को महिलाएं अपने पति की लंबी आयु व परिवार के सुख समृद्धि के लिए रखती हैं। इस व्रत की तैयारी पखवाड़े भर पहले ही शुरू कर दी जाती है। तीज के अवसर पर शुक्रवार को नगर में सुहागिन महिलाओं ने निजर्ला व्रत रखकर पूरे विधि विधान से गौरी शंकर की पूजा की। अलग अलग जगहों पर एकत्र होकर महिलाएं रात जागरण कर रात भर ढोल, मंजिरा बजाकर भगवान को प्रसन्न करने में लगी रहीं। कुंवारी कन्याओं ने भी तीज पर्व पर व्रत रखा और भगवान शिव से सुयोग्य वर की कामना की। रात जागरण के बाद महिलाओं ने आज चतुर्थी पर सुबह नदी घाट पहूंचकर बालू से बने शिव पार्वती की प्रतिमा को विधि विधान से पूजा अर्चना कर ठण्डा किया। सूर्योदय के बाद पारण कर अपना व्रत खोला और घर आकर अपने अपने पतियों के पैर छुकर उनका आर्शीवाद ग्रहण किया। तीज पूजन सामाग्री को नदी में विसर्जित करने एवं पूजा पाठ आदि के लिए आज अल सुबह से ही दंतेश्वरी नदी घाट पर व्रतधारी महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही।

# दुर्गेश राय ने किया गोलापल्ली आश्रम का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 7 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दुर्गेश राय ने घोर नक्सल प्रभावित गोलापल्ली गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव में संचालित आदिवासी बालक आश्रम का जायजा लिया। शासन स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। आश्रम परिसर में फैली अव्यवस्था को लेकर प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर की।

### सरकार के दावे खोखले : दुर्गेश राय

दुर्गेश राय ने कहा कि नक्सलवाद के कारण गांव से विस्थापित किए गए आश्रम–शालाओं को कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने वापस लाया गया था। बच्चों को सुविधाएं भी मिल रही थी। लेकिन अब बच्चों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं। आश्रम–शालाओं की स्थिति बद से बदतर होते जा रही है। पहली से लेकर 5 क्लास तक रूम मे पानी तपकने से फर्श गीला हो जाता है वहीं बच्चे बैठ कर श्क्षुस्त्रड्डद्ब करने को मजबूर है।बच्चों को तो यह भी पता नहीं कि हमे क्या क्या सुविधा मिलती है उनको क्या जो मिले न मिले किसी कोई मतलब नहीं विभाग को उनके हक की जानकारी देनी चाहिए जिससे वह अपना हक मांग सके ।



हर साल लाखों करोड़ों आदिवासी बच्चों के नाम पर आबंटन प्राप्त होता है लेकिन उस हिसाब से नहीं मिलते हैं। जिससे आदिवासी बच्चे अपने हक और अधिकार से वंचित होते जा रहे है जिम्मेदार आधिकारि उन बच्चों के नाम फल फूल रहे है और आश्रमों मे रहने वाले बच्चों को अपने हाल मे छोड़ दिया गया है। आश्रम परिसर का यह हाल है कि जानवर बच्चे दोनों हमजोली होने को मजबूर है आश्रम के इर्दगिर्द सुअरों का डेरा है विभाग के ब्लॉक स्तर के अधिकारी खाना पूर्ति करने कभी कभार चले जाते हैं लेकिन उन्हें व्यवस्था से कोई सरोकार नहीं है इस लिये यह व्यवस्था जस की तश है नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने का फायदा उठाकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना नहीं चाहिये विभाग को 75 सीटर आश्रम है लेकिन 85 बच्चे वाह रहते है दो ही सोचालय है रहने और सोने के लिये पर्याप्त जगह नहीं है फिर भी आखों को मूँद तमाशा देख रहे हैं विभाग के अधिकारी कोई लगाम नहीं है विभाग मे कोई कुछ भी खाने को परोस देता है,बीमारी दरवाजा पर दस्तक दे रही हैं गंदगी को देखते हुये ,हाल ही मे बच्चे की मौत से भी नहीं जागा विभाग जल्द ही आश्रम व्यवस्था दुरुस्त कर हर आश्रम की हर सप्ताह मानीटरिंग करना जरूरी है अंदरूनी क्षेत्र हैं करके भागवन भरोसे छोडऩा गलत है।

### पर्वों के आयोजन में सामाजिक समरसता के लिए प्रत्येक वर्ग सहयोग करे : नेताम

**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 सितंबर।** जिले में दस दिवसीय गणेशोत्सव और ईद-ए-मिलादुन्नबी पर्व के आयोजन के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने सभी वर्गों से पूर्व वर्षों की भांति परस्पर सामाजिक समरसता, भाईचारा और सौहार्द्र के साथ मनाने की बात कही। उन्होंने पर्वों के दौरान सभी वर्ग से आवश्यक व अपेक्षित सहयोग करने और शासन द्वारा निर्धारित नियमों व कानूनों का पालन करने की अपील की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने सोशल मीडिया के माध्यम से कतिपय असामाजिक तत्वों के द्वारा अपुष्ट अफवाहें फैलाई जाती हैं, जिनसे सभी को सतर्क एवं सजग रहना आवश्यक है। उन्होंने इस दौरान नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और न्यायालय द्वारा निर्धारित नियमों व दिशानिर्देशों का पालन करने के संबंध में समिति के पदाधिकारियों से आवश्यक सहयोग करने की अपील की।

## शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी लगन से करें : सांसद महेश कश्यप

# शिक्षक दिवसः उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुरुजन हुए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 7 सितंबर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम शबरी आडोटोरियम एजुकेशन सिटी कुम्हाररास सुकमा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2024 हेतु शिक्षादूत पुरस्कार, हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी सर्टीफिकेट परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षा परीणाम देने वाले विद्यालय के प्राचार्यों सहित सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को श्रीफल, साल, प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।



जिसमें मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार, शिक्षादुत पुरस्कार में प्रा.शा. मिचीपारा प्रधान पाठक श्रीमती जमुना पेद्दी, बालक आश्रम झापरा सहा. शिक्षक श्रीमती ललिता मरकाम, प्रा.शा. कानकीपारा सहा. शिक्षक श्रीमती सायरा बानो, प्रा.शा. कोमटीगुडा प्रधान पाठक श्री महेन्द्र पुराम, प्रा.शा.ठोठापारा प्रधान पाठक श्री महेन्द्र कुमार सुधाकर, क.आ. कुन्दलपाल सहा. शिक्षक श्री ताराचन्द्र ठाकुर, प्रा.शा. इतकल प्रधान पाठक श्री ए श्रीनिवास राव, प्रा.शा. बंजारापारा गोरगुण्डा प्रधान पाठक श्रीमती रेखा राय, ज.प्रा.शा. मिसमा सहा. शिक्षक (एल.बी) श्री कड़ती सोनू शामिल है।

ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए पोटाकेबिन मुरतोण्डा प्रधान अध्यापक श्रीमती अनिता नागे,मा.शा. धुररास प्रधान अध्यापक श्री मोती राम बघेल एवं शा.बा.मा.शा. ढोण्डरा शिक्षक (एल.बी.) श्रीमती एस शारदा शामिल है। जिसमें शिक्षकों में हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी में शत- प्रतिशत परिक्षा परीणाम देने वाले शिक्षक जिसमें गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसपाल छन्दिगढ़ श्री बसंत लाल टेकाम, गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल कोकावाण छन्दिगढ़ श्री सुरेन्द्र सिह ठाकूर, गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी पोटाकेबिन तोंगपाल छन्दिगढ़ श्री राजीव दीक्षित, स्वामी आत्मानन्द गर्वरमेन्ट हिन्दी माध्यम स्कूल तालनार श्री आर.एस.प्रधानी, गर्वरमेन्ट नवीन आर.एम.एस. गर्ल्स हायर सेकेण्डरी कूडमेल पारा श्रीमती अनीता नागे, गर्वरमेन्ट बालक आर.एम.एस. रेसिडेन्सरी हायर सेकेण्डरी कोन्टा श्री सहदेव सिह, गर्वरमेन्ट आर.एम.एस. हार्यर सेकेण्डरी गादीरास श्री जी. आर. नाग, गर्वरमेन्ट हाईस्कूल पोलम्पल्ली श्री रमेश कुमार मण्डावी, गर्वरमेन्ट हाईस्कूल कूमाकोलेग श्री सोनूराम मरकाम, गर्वरमेन्ट बालक आर.एम.एस. हायर सेकेण्डरी मराईगुड़ा श्री एम.ए.अकबर, गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल जापरा श्री बी.एन.खुदराम, गर्वरमेन्ट हाईस्कूल दुब्बाटोटा श्री मड़कम राम शंकर, गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल गोलापल्ली सुश्री के सारिका, गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल जगरगुण्डा श्री कृष्ण कुमार नाग, गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल कोर्रा श्री छोटेलाल नाग, गर्वरमेन्ट आर.एम.एस. हार्यर सेकेण्डरी भेज्जी श्री अंतोर सिंह खर्रे, स्वामी आत्मानन्द गर्वरमेन्ट हिन्दी माध्यम स्कूल पेन्दलनार श्री यशवंत शाडिल्य, गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी कून्दनपाल श्री युवराज साय सिदार, गर्वरमेन्ट आर.एम.एस. हार्यर सेकेण्डरी नीलावरम श्री उमेन्द्र सिंह गोटी, गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल छिन्दगढ़ श्री सी.एस.ठाकूर, गर्वरमेन्ट हाईस्कूल फूलबगड़ी सुकमा श्री शेख सगीर अहमद बारी, गर्वरमेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल कूकानार श्री धर्मेन्द्र चौहान शामिल है।

साथ ही सेवानिवृत्त में प्रधान अध्यापक श्री एस. कसीमुद्दीन, श्री उब्दनपल्ली भारकर राव, श्री अत्फेड सूना, श्री मनमोहन बृज, श्री बारसे कोसा, श्री तिजउ राम धुव, श्री श्यामू राम नागेश, श्री हिरमा राम नाग, श्रीमती आर. तुलसी, सुश्री बी शिरीष कुमारी, सुश्री वी शैलकुमारी, श्रीमती कुंती मण्डावी। प्रधान पाठक श्री तिलक राम जुर्री, श्रीमती उषा देवी भदौरिया, श्री जेठराम साहू, श्रीमती राम कुमारी नेताम। उ.श्रे.शि. - श्री प्रभाकर दास, शिक्षक श्रीमती कमला चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### शक्ति केंद्र बैठक में उपस्थित हुए चित्रकोट विधायक विनायक गोयल

**जगदलपुर 7 सितंबर।** सदस्यता महापर्व अभियान के तहत 6 सितम्बर को तोकापाल मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्र में बैठक रखी गई जिसमे विधायक गोयल जी के संबोधन में मोबाइल द्वारा ऑनलाइन सदस्यता जोड़ने के बारे में प्रत्येक शक्ति केंद्र प्रभारि के द्वारा बूथ के अध्यक्ष ,पालक को 8800002024 में मिस्ड कॉल कर ऑनलाइन फॉर्म भरने की जानकारी एवं प्रतेक बूथ केंद्र में 200 सदस्यता जोड़ने को कहा गया इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप,जिला पंचायत एवं कृषि सभापति रैतु राम बघेल ,मंडल महामंत्री परदेशी कश्यप,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, मीडिया प्रभारी शिव सूर्यवंशी चारो शक्ति केंद्र रान सरगीपाल, छापर भानपुरी, घाट धनोरा, चोंडी मेटावाडा, के प्रभारी परदेशी कश्यप, अनंत कश्यप ,गुलाब सिंग ठाकुर, पिलाराम कश्यप एवं जेस्ट श्रेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न किया गया ।

### स्वच्छता सिर्फ अभियान तक ही सीमित न रहे, इसे व्यवहार में लाना जरूरीः कलेक्टर

**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 सितंबर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा-2024 का आयोजन 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर के बीच किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार पूर्व वर्षों की भांति इस साल भी व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर अलग-अलग कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिले में स्वच्छता अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के सफल संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मिशन सिर्फ अभियान तक ही सीमित न रहे, अपितु वास्तविक व्यवहार एवं संस्कार में स्वच्छता परिलक्षित होनी चाहिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता अभियान की सफलता शासन-प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों के आचार व्यवहार में सम्मिलित होने से ही संभव है। सभी वर्गों के सामूहिक एवं समन्वित प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान के साथ-साथ पर्यावरण को प्रोत्साहित करने अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए। 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत शहरां एवं गांवां की खाली जगहों पर वन विभाग के सहयोग से पौधे लगाए जाएं, जिससे की पर्यावरण संतुलन बना रहे तथा भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा जिला एवं ब्लॉक के शासकीय कार्यालयों के परिसरों में फलदार व छायादार पौधे लगाएं। कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर अनुपयोगी सामग्रियों का नियमानुसार अपलेखन करने व साफ-सफाई करने पर भी जोर दिया।

### पुलिस ने लगाई यातायात की पाठशाला

**दंतेवाड़ा, 7 सितंबर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं व उनसे होने वाली मौतों में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस दंतेवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक राजनाला, श्री आर.के. बर्मन के मार्गदर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री नसरउल्लाह सिद्दकी के नेतृत्व में बीते दिनों से लगातार जारी रहा, यातायात पुलिस दंतेवाड़ा के द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दंतेवाड़ा नगर के चौक-चौराहों पर बिना हेलमेट फर्राटे भरने वाले दो-पहिया वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट की उपयोगिता एवं महत्व को लेकर जागरूकता का पाठ पढ़ाया गया। ताकि दुर्घटना होने पर भी होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके। इसके अलावा बिना हेलमेट के वाहन चलाते विचरण करने वाले दो पहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठे सवारी को उसकी आवश्यकता के बारे में गंभीरता पूर्वक जानकारी दिया गया, साथ ही वाहन चालकों ने भी इस बात को गंभीरता से लेते हुये भविष्य में इस प्रकार की गलती दोबारा न होने की बात कही। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को भी यातायात जागरूकता किया जा रहा है। इस क्रम में आज नगर के गायत्री विद्यापीठ स्कूल में लगभग 300 स्कूली बच्चों को भी जागरूक कर यातायात निर्देशिका का वितरण किया गया। इस पहल से आमजनों में भी यातायात पुलिस की इस सार्थक पहल का असर नजर आता दिख रहा है। इस दौरान पुलिस मुख्यालय रायपुर (यातायात) से आम-जनता में सड़क जागरूकता फैलाने हेतु बड़े पैमाने पर पॉकेट बुक, पॉम्पलेट और फ्लैक्सी वितरण किया जा रहा है। इस कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी श्री सहायक उप निरीक्षक श्री जितेन्द्र त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक., थानसिंह देशमुख, श्याम लाल राना आर. वेद प्रकाश, मनोज ध्रुव, विरेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए 8 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 सितंबर।** जिले में संचालित समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र अगस्त 2024-25 एवं 2024-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 08 सितम्बर निर्धारित किया गया है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट बहपजपण्बहेजंजमण्हवअण्पद के ऑनलाईन एप्लिकेशन 2024 पर क्लिक कर अपना पंजीयन एवं प्रवेश हेतु व्यवसाय का चयन कर सकते हैं। आवेदकों के पंजीयन के लिए वेबसाइट पर यूजर मैनुअल दिया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

### आईटीआई एससीव्हीटी परीक्षा के लिए आवेदन 9 सितम्बर तक

**उत्तर बस्तर कांकेर,7 सितंबर।** जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में राज्य व्यावसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) के अंतर्गत प्रवेशित सत्र सितंबर 2024 में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थियों जो पात्रता रखते हो वे परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित 09 सितम्बर तक कार्यालयीन अवधि में संबंधित आईटीआई में उपस्थित होकर परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

### संपूर्णता अभियान के तहत स्व-सहायता समूह को किया गया जागरूक



**सुकमा, 7 सितंबर।** नीति आयोग संपूर्णता अभियान के तहत छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी नियद नेल्ला नार योजना के तहत कलेक्टर श्री हरिस एस. के निर्देशन में एवम सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत 6 इंडिकेटर को संतृप्त करने विभिन्न विभागों द्वारा कार्य किए जा रहे है। इसी परिपेक्ष में आकांक्षी ब्लॉक कोंटा के अंतर्गत बुरकालंका, सिलगेर, डूल्ड, चिंतलनार गांवों में स्व-सहायता समूह बनाने, समूह बैंक खाते खोलने, समूहों को जल्द से जल्द रिवाल्विंग फंड उपलब्ध कराने के साथ ही बैंक लिंकेज और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए स्व सहायता समूह की दीदियों को जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

### कृषि वैज्ञानिक केन्द्र की सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**सुकमा, 7 सितम्बर।** कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कृषि विज्ञान केन्द्र, बस्तर में दिनांक 04 सितंबर को डॉ. आर.एस. नेताम अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, जगदलपुर के मुख्य आथित्व श्री महादेव ध्रुव संयुक्त संचालक कृषि जगदलपुर के विशिष्ट आथित्व एवं डॉ. जी. पी. आयाम वैज्ञानिक कार्यालय निदेशक विस्तार सेवाएं इ.गा.कृ.वि.वि.रायपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में सुकमा के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र बस्तर दन्तेवाडा एवं बीजापुर भी उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केन्द्र के पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप कृषि अभियांत्रिकी विशेषत्र डॉ. परमानंद कीट वैज्ञानिक विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार, मछली पालन विशेषज्ञ डॉ. संजय सिह राठौर व ज्योतिष पोटला उपस्थित थे।

कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा वो वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच.एस.तोमर ने सर्वप्रथम केन्द्र की 2023-24 की उपलब्धि व प्रगति तथा 2024-25 के कार्ययोजना की प्रत्तुति दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारा बैठक में उपस्थित किसानों से जिले की समस्याओं एवं सुझाव पूछे गए तथा किसानों द्वारा दिए गए सुझावो को केन्द्र की कार्ययोजना में शामिल करने हेतु निर्देशित किये जिससे आने वाले समय में संबंधित समस्याओं पर अनुसंधान व विस्तार कार्य किया जा सके। जिले से सात प्रगतिशील किसान श्री जे.एल. मौर्य, श्री लम्जुराम भोयर श्रीमती ममता भारती श्री धरम नाग श्री चनरू कश्यप श्री महादेव मरकाम एवं श्री रामचंद्र कश्यप उपस्थिति हुए। श्री जे.एल. मौर्य ने दलहन, तिलहन् पशुपालन, मछलीपालन मीलेट्स व शंकरकंद की खेती श्री लच्युराम भोयर ने मक्का व तिल की खेती श्रीमती ममता भारती ने धान के साथ-साथ चीनीमुर्गी पालन व पशुपालन एवं श्री घरम नाग ने जैविक खेती जैसे- जीवामृत, बीजामृत व नीमास्त्र के बारे में बताया और इन क्षेत्रों में ध्यान आकर्षित करते हुए आगे और बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिले के उपसंचालक कृषि श्री पीआरबघेल पशुपालन विभाग से डॉ. उमेश बघेल मछलीपालन विभाग से श्री ओपी मंडावी उद्यानिकी विभाग से श्री कमल गावडे ने भाग लेकर अपने-अपने विभाग से संबधित योजनाओं एवं किसानों से संबधित विभिन्न समस्याओं को केन्द्र की कार्ययोजना में शामिल करने हेतु उपयोगी एवं प्रभावी सुझाव दिये।

### लखेश्वर बघेल ने किया शिक्षक दिवस पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण



**जगदलपुर 7 सितंबर।** बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने कहा की पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् , भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर हम सभी उनका पावन स्मरण करते हैं राधाकृष्णन जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना महती योगदान दिया, उनके जन्मदिवस को हम सभी 'शिक्षक दिवस' के रूप में भी बनाते हैं, इस अवसर पर मैं समस्त गुरुजनों को प्रणाम करता हूं। इस दौरान महिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर,बालक राम जोशी, तुलाराम सेठिया,लखेश्वर मंडावी,मिट्ठू राम, अर्जुन पांडे, कृपालु कश्यप, कुलधर कश्यप, बृज श्रीवास्तव,केके दुबे, वीरेंद्र कश्यप, सौरभ मंडल, जागेंद्र कुमार जीराम,उषा ठाकुर, सत्येंद्र यादव,एलन निषाद,मनीष पांडे, गोविंद सोनी,एवं समस्त कार्यकर्त्तागण स्टॉफ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छात्रावास अधीक्षक परीक्षा 15 सितम्बर को, जिले में 139 परीक्षा केंद्र बनाए गए

**रायगढ़, 7 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 15 सितम्बर 2024 को रायगढ़ जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्ड रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार में 139 परीक्षा केंद्रों में छात्रावास अधीक्षक की भर्ती परीक्षा आयोजित किया जायेगा। जिसमे 39,304 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा प्रवेश पत्र वेबसाइट में अपलोड कर दिये गये हैं, परीक्षार्थी व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे एवं परीक्षा प्रारंभ होने की 15 मिनट के बाद परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकेगी।

मूल परिचय पत्र एवं प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य- सभी परीक्षार्थी अपना फोटो युक्त मूल आईडी जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय के फोटो परिचय पत्र, फेटो युक्त अंकसूची, बोर्ड परीक्षा के लिए जारी फोटोयुक्त प्रवेश पत्र आदि लेकर आना अनिवार्य होगा। ध्यान रखें फोटोकॉपी या मोबाइल में परिचय पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। परीक्षा दिवस को परीक्षा केंद्र पर उपरोक्त मूल पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी अपने साथ व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट में जाकर प्रिंट आउट निकाल कर उस प्रिंटआउट को लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना आवश्यक होगा। ध्यान रखें इसमें से व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा करनी होगी। परीक्षार्थी अपने साथ ओएमआर शीट लिखने के लिए नीले एवं काले रंग का बालपॉइंट पेंन लेकर उपस्थित होना हैं । परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलक्यूलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लाना मना है।

परीक्षा केंद्र की कर लें पूर्व जांच- चूंकि छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा व्यापक स्तर पर आयोजित हो रही है, अतः सभी परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र में दर्शित केंद्र को जाकर लोकेशन अवश्य देख लेनी चाहिये एवं समय पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो जायेंए समान नाम मिलते जुलते नाम से परीक्षा केंद्र बनाये गये हैंए अतः केंद्र का पूरा पता पढ़कर पूर्व में ही केंद्र देख लें। गलत परीक्षा केंद्र में शामिल होने की स्थिति में ओएमआर शीट की जांच नही हो पायेगी।

नोडल अधिकारी नियुक्त- छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के सफल संचालन के लिये जिला कलेक्टर द्वारा महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर, रायगढ़ को नोडल अधिकारी एवं भुवनेश्वर पटेल, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

हेल्पलाइन नम्बर जारी- छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा में 39304 परीक्षार्थी 139 केंद्रों में शामिल हो रहे है और परीक्षा केंद्र दूरस्थ क्षेत्र में स्थापित है, अतः परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने एवं केंद्र की जानकारी प्राप्त करने के लिये महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मो. 7746859383, भुवनेश्वर पटेल, एपीसी एवं सहायक नोडल अधिकारी मो. 7000081311, गजेंद्र बनज, प्रोफेसर एवं सहायक समन्वयक, मो. 9424152129 एवं नेत्रानंद चौहान, लिपिक मो.9343252654 से सम्पर्क किया जा सकता है।

### घर में छिपाकर रखा था अंग्रेजी और देशी शराब, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़, 7 सितम्बर।** रायगढ़ में अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई में जूटमिल पुलिस को एक और बड़ी सफ्लता मिली है। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं सीएसपी आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन में मुखबिरों की मदद से अवैध शराब की बिक्री पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को सूचना मिली कि राजीव गांधी नगर भजनडीपा निवासी रोशन लाल लहरे अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी और देशी शराब छिपाकर रखे हुए है।पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी और रोशन लाल लहरे से पूछताछ की। आरोपी ने अवैध शराब रखने की बात स्वीकार कीए जिसके बाद उसके कब्जे से 144 पाव अंग्रेजी गोवा और 24 पाव देसी प्लेन, कुल कीमत 20,880 रुपये की शराब 30.240 लीटर जब्त की गई।

# पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने बाजार पहुंच आमजन को भाजपा की सदस्यता दिलवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,7 सितंबर।** पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने आज भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर नगर में आम नागरिकों के बीच पहुंचे। बस स्टैंड, सब्जी बाजार और व्यापारी लाइन में

अनेक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसकी शुरवात उन्होनें नगर के सब्जी बाजार से की। यहां फूटकर विक्रेताओं को भाजपा के रीति नीति ओर विकासमुखी सोच से अवगत कराए हुए ऑनलाइन के माध्यम से भाजपा का सदस्य बनाया। इस दौरान सब्जी दुकान, फल दुकान, चाय दुकान, चाट गुपचुप ठेले संचालक के साथ ही बाजार आए ग्रामीण और आम नागरिक भी भाजपा के सदस्य बने। मेमन ने सभी को भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए जारी मिस काल नंबर 8800002024 में काल एवम ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण कर भाजपा की सदस्यता दिलाई। साथ ही भाजपा से जुड़ने के लिए उनका स्वागत करते हुए आभार जताया। फूटकर विक्रेताओं में भी भाजपा से जुडने मे जबरदस्त उत्साह दिखा। आज जब वे फुटकर विक्रेताओं के बीच सदस्य बनाने पहुंचा तो उन्होंने स्यम कहा हम तो ईन्तजार कर रहे थे भाजपा से जुड़ना का।

व्यापारियों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने हम सब की चिंता है और हमारे विकास के लिए अनेकों योजनाएं लागू की है, पक्का मकान दिया, इलाज की व्यवस्था की, बच्चो का भविष्य सुरक्षित किया है। हम सब भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा भाजपा का संगठन महापर्व सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। भाजपा ने देश में 10 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों के साथ ही गांव गांव घर घर भाजपा कार्यकर्त्ता सदस्य बनाने के अभियान में जुट गए है। सदस्यता अभियान के तहत किसान, मजदूर, युवा, महिला, बुजुर्ग, फूटकर व्यापारी हर वर्ग को भाजपा जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि आज देश का हर वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ना चाहता है।

अध्यक्ष अब्दुल गफ्फू मेमन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गांव गरीब किसान मजदूर महिला हर वर्ग का विकास किया है। गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसकी चिंता केवल भारतीय जनता पार्टी ही करती है। यही कारण है कि देशभर में लोग भाजपा से जुड़ने के लिए उत्साहित और स्वता ही मिस कॉल कर भाजपा से जुड़ रहे हैं।

# समाजसेवा सर्वोपरी, उसे हमेशा करते रहूंगा:मदनलाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 7 सितंबर।** अग्रवाल समाज मे अध्यक्ष का चुनाव के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल ने दिन गुरूवार की देर शाम अग्रसेन भवन मे नयी कार्यकारिणी की घोषणा की,जिसमे सचिव का पद अनिल मित्तल के अलावा कोषाध्यक्ष का महत्वपूर्ण पद रामनिवास जिंदल को सौंपा गया है। अग्रवाल सभा के नये अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल ने समाज के कुल 80 लोगो को अपनी नयी कार्यकारिणी मे शामिल किया है,जिसमे उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष,सचिव,मीडिया प्रभारी,सहसचिव,मार्गदर्शक मंडल,सरंक्षक,अग्र पंचायत, प्रमुख सलाहकार मिलाकर कुल 80 लोगो को अग्रवाल सभा की समिती संचालित करने की जिम्मेदारी दी गयी है। दिन गुरूवार की देर शाम अग्रसेन भवन मे एक बैठक आयोजित की गयी। अग्र बंधुओ ने भगवान अग्रसेन की आरती के पश्चात नयी कार्यकारिणी समिती की घोषणा मे भाग लिया। अग्रवाल सभा के नये सचिव अनिल मित्तल ने अग्र बंधुओ को संबोधित किया,उनका कहना था कि अग्रवाल समाज के इतिहास मे पहली बार यहा चुनाव प्रक्रिया का सहारा लेना पडा,उनका कहना था कि चुनाव मात् एक प्रक्रिया थी,इससे समाज मे कही भी मन भेद या मतभेद की बातें नही आयी है। उनका कहना था कि समाज हमेंशा से संगठित था और आने वाले समय मे भी संगठित रहकर वरिष्ट जनो के मार्गदर्शन से नेतृत्व किया जायेगा। उन्होने नयी कार्यकारिणी के सभी विभाग एवं उनके पदाधिकारीयों के नामो की घोषणा की।।

अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल ने अपने दो सालो के दौरान किये गये कार्यो मे सबके सहयोग के लिए अग्रबंधुओ की सराहना करी। उनका कहना था कि वे आगे भी समाज को सर्वोपरी मानकर समाज की सेवा करतें रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल ने उन्हे इस पद की जिम्मेदारी मिलने पर सबका आभार जताया। उनका कहना था कि समाज ने जिस विश्वास के साथ उन्हे जिम्मेदारी सौंपी है,वे उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। निर्वाचन अधिकारी मुरारीलाल गोयल ने चुनाव की प्रक्रिया मे उनका साथ निभाने वाली टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन अग्रवाल सभा के पूर्व प्रवक्ता हरगोविंद अग्रवाल ने किया,उन्होने चुनाव के दौरान अग्र बंधुओ के आपसी सामंजस एवं सदभावना की प्रशंसा की।

### स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर अभियान होगा प्रारम्भ

**महासमुंद 7 सितम्बर।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने स्वछता ही सेवा देशव्यापी अभियान अंतर्गत जिले में भी 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित अभियान में स्वच्छता के प्रति आम जनता के सोच में बदलाव हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। श्री लंगेह ने शासन के निर्देशानुसार जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के सफल आयोजन हेतु गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस आलोक,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सभी सीइओ जनपद पंचायत , नगरीय निकाय के सी एम ओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# प्रथम प्रयास में साहू समाज की बेटी का नीट में चयन, समाज में हर्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सराईपाली, 7 सितंबर।** शहर में तेली साहू समाज की बिटिया का एमबीबीएस चयनित होने पर महलपारा निवासी श्री सेतराम साव की नातिन तथा श्री खीरोद साव एल आई सी अभिकर्ता की सुपुत्री कु.गायत्री साहू को जिसने बिना कोई ट्यूशन करे नीट जैसे कठिन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करके प्रथम प्रयास मे यह सफलता अर्जित की है अब वह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद मे दाखिला हो गई है वहाँ एम बी बी एस की चार वर्षीय कोर्स की पढ़ाई एवं चिकित्सा की पढ़ाई पुरी करेंगी एवं समाज एवं देश के लोगो का इलाज कर उन्हे नया जीवन देंगी। साहू समाज युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ के द्वारा साल,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।युवा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री दुलीकेशन साहू जी ने कहा कि इन्होंने नीट परीक्षा में फ्री सीट शासकीय कोटे से चयनित हो कर समाज का गौरव बढ़ाया है हम बिटिया के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना करते हैं इनसे प्रभावित होकर और भी विद्यार्थी गण अपना लक्ष्य तय करेंगे ।तहसील साहू संघ के अध्यक्ष श्री मनोहर साहू जी ने छात्रों के मनोबल को बढ़ाते हुए सभा को संबोधित करते हुए कहे कि किसी भी छात्र के जीवन में परीक्षा की घड़ी बहुत ही महत्वपूर्ण होती है. इस समय शांत मन से पढ़ाई करना ओर परीक्षा में सफल होना बहुत ज़रूरी होता है. परीक्षा के समय की गई चूक से किसी छात्र का पूरा साल बर्बाद हो जाता है, तो कोई छात्र प्रतियोगिता परीक्षा से बाहर हो जाता है. धैर्य पूर्वक अपने पाठ्यक्रम का अभ्यास करने के साथ ही अगर छात्र परीक्षा में सफलता के उपाय भी करते हैं तो उन्हें सफलता मिलने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है. प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ के रायपुर संभागीय संयुक्त सचिव श्री नवीन कुमार साव जी ने कहा कि हमारे तेली समाज द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करने की परंपरा शुरुवात की गई है जिससे और भी छात्र-छात्राएं इनसे प्रेरणा ले सकें ,बिटिया कु. गायत्री साहू को उनके निज निवास सराईपाली मे जाकर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बिटिया के उज्वल भविष्य की कामना की गई ।कु. गायत्री साहू ने समाज जनों को अपने घर मे आकर बधाई देने एवं शुभकामनाएं प्रेषित करने पर अत्यंत हर्ष एवं स्वयं को गौरवांवित महसूस कर समाज जनों का हृदय से आभार प्रकट करते हुए सब दिन स्नेह,प्यार और आशीर्वाद रखने की बात कही एवं मिठाई खिलाकर समस्त स्वजनों का आत्मीय स्वागत वंदन किया और हार्दिक धन्यवाद आभार प्रकट की ।इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संघठन सचिव श्री कृष्णा साहू रसोडा , तहसील साहू संघ पिथौरा के अध्यक्ष मनोहर साहू , जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी रूपानंद साव , बाराडोली परीक्षेत्र के अध्यक्षा एवं डूडमचुआ सरपंच श्रीमती शांति साहू सहित साहू समाज के अनेक लोग थे।

# पवन कुमार और ककेम नारायण शिक्षक दिवस पर सम्मानित



**बीजापुर,7 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पवन कुमार सिन्हा वर्तमान में (प्रधान पाठक) प्राथमिक शाला के पद पर कार्यरत हैं ।सुदूर आदिवासी नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्र में शिक्षा से वंचित बच्चों को विद्यालय से जोड़कर उन्हें शिक्षा प्रदान करते हैं ।सीखने सिखाने की प्रक्रिया को बाल केंद्रित खेल आधारित एवं टी एल एम के द्वारा संचालन कर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हैं। विद्यालय में स्वच्छता वृक्षारोपण बागवानी किचन गार्डन जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़े रखते हैं।उन्हें उत्कृष्ट शिक्षा की कार्य के लिए 2022 में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, वर्ष 2023 में शिक्षा प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान ,इनोवेटिव पाठशाला अल्टरनेटिव एकेडमिक द्वारा सर्वश्रेष्ठ स्कूल सम्मान ,भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा बाबा साहब डॉ अंबेडकर समता अवार्ड से सम्मानित किया गया है ।पढ़ाई तुहर पारा के लिए हमारे नायक में भी स्थान मिला है ।

इनका लक्ष्य सुदूर आदिवासी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ाना तथा इस क्षेत्र में कोई भी बच्चा शिक्षक से वंचित न रहे इसका प्रयास करना है।ककेम नारायण वर्तमान में शिक्षक के पद पर कार्यरत है शैक्षणिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन करते हुए विद्यार्थियों के प्रति समर्पण भाव से अपना पूर्ण योगदान देते हैं ।बच्चों के प्रति उसका मित्रवत व्यवहार होता है विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता के साथ वृक्षारोपण बागवानी, किचन गार्डन, विकसित कर संस्था को सौंदर्यकृत किया गया है ।विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं का उत्कृष्ट कल्याण में उनके द्वारा किया जाता है उनके मार्गदर्शन में छात्रों का उत्कृष्ट विद्यालय में अब तक 28 बच्चों का चयन हुआ है। शैक्षिक गतिविधियों में कार्य करने के अलावा जिला प्रशासन द्वारा दिए गए कार्यों का संपादन में निष्ठा पूर्वक करते हैं उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो के कारण उन्हें अनेक अवसरों पर प्रशस्ति पत्र व सम्मान प्राप्त हुआ है । उनका लक्ष्य आदिवासी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाना अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में चयन हेतु बच्चों को जिज्ञासा जागृत करना है।

### इन्द्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आने वाले विस्थापितों के सर्वे की तारीख बढ़ाई गई

**बीजापुर,7 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विस्थापितों की ग्रामवार सर्वे व ग्रामवासी को आवेदन देने 23 अगस्त 2024 की तारीख तय की गई थी। जिसे अब आगे बढ़ा कर 1 सितंबर 2025 कर दिया गया हैं। हालांकि सर्वे के पहले चरण में कोर क्षेत्र के 21 गांवों का चयन किया गया था। ज्ञात हो कि इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में आने वाले 76 गांवों को विस्थापित किया जाना हैं। जिसके पहले चरण में 21 गांव का चयन किया गया हैं। उक्त 21 ग्रामों के स्वेच्छापूर्वक विस्थापित चाहने वाले परिवारों को शासन के विस्थापन योजना का लाभ पहुंचाने व बाघ प्रबंधन के संरक्षण व संवर्धन के लिए ग्रामवार सर्वे करने व ग्रामवासी को आवेदन प्रस्तुत करने के लिए 23 अगस्त 2024 की तिथि तय की गई थी। किंतु अब उक्त तिथि को संशोधित कर 1 सितंबर 2025 तक किया गया है। उक्त तिथि 1 सितंबर 2025 तक व्यस्क व्यक्ति जिसकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो, निर्धारण करने तय किया गया है। साथ ही उक्त ग्राम में रहने वाले ग्रामवासी अपने स्वेच्छानुसार विस्थापन नहीं होते है, तो शासन को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी। बीते मंगलवार को इन्द्रावती टाइगर रिजर्व कोर क्षेत्र के 76 गांवों के ग्रामीणों ने 80 किलोमीटर पैदल चलकर भोपालपटनम पहुंचकर विस्थापन को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जंगी रैली निकाली थी। जिसके बाद राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वनमंत्री, सांसद व विधायक के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौपा था।

### विस्फोटक सामग्री के साथ 3 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर,7 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी, थाना बासागुड़ा, कोबरा 210, केरिपु 168 वाहिनी की संयुक्त टीम थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत सारकेगुड़ा पेगड़ापल्ली के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी ।अभियान के दौरान सारकेगुड़ा-पेगड़ापल्ली के मध्य जंगल से संदिग्ध 03 व्यक्त्यिों को पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम- 1 कुड़ामी सोमलू (जन मिलिशिया सदस्य) पिता देवा उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम आउटपल्ली थाना तर्रेम जिला बीजापुर2 लिंगु सेमला ऊर्फ लिंगा (मिलिशिया सेक्शन कमाण्डर) पिता रामा सेमला उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरसागुड़ा थाना तर्रेम जिला बीजापुर3 सोमलू कड़ती (आरपीसी अध्यक्ष) पिता स्व0 कड़ती भीमा उम्र 50 वर्ष जाति मुरिया निवासी सुकनपल्ली थाना तर्रेम जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से कोर्डेक्स वायर, जिलेटिन , गन पावडर सफेद एवं काला, डेटोनेटर एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया । पूछताछ करने पर प्लाटून नम्बर 10 के कमाण्डर मल्लेश के द्वारा सारकेगुड़ा पुलिया के पास सुरक्षा बलो को नुकसान पहुंचाने के लिये बम लगाने हेतु सामग्री उपलब्ध कराया गया था । उक्त माओवादियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।

### बाढ़ग्रस्त इलाके में देवदूत साबित हो रहे हैं नगर सेना के जवान

**बीजापुर,7 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में लगातार हो रही बारिश से जहां एक ओर अदरूनी इलाके के नदी नाले उफान पर हैं वहीं विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए नगर सेना के



नाविकों का दल हमेशा से मुस्तैदी के साथ डटा हुआ है।शुक्रवार को चोखनपाल गांव की गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर गंगालूर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में परेशानी हो रही थी। जिसका कारण कमकानार घाट में जल स्तर के बढ़ने के चलते आवाजाही पूरी तरह से बंद थी।नगर सेना के प्लाटून कमांडर निर्मल साहू ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की सूचना पर नगर सैनिकों का नाविक दस्ता मौके पर पहुंच कर उफनते नदी में नाव के सहारे गर्भवती महिला और उसके परिजनों को सुरक्षित नदी पार कराया गया।बचाव दल में कुम्हार कृष्णा राव, जिल्यूस तिर्की, कृष्ण देव चालकी, संदीप भगत, मनीराम तेलम, रामचंद्र पवार, रैनू मज्जी, कन्हैया दुब्बा, अरुण दुब्बा सहित अन्य जवान शामिल रहे।

# रायगढ़ की मिट्टी में अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी दिखायेंगे अपना दांव-पेच

**रायगढ़, 7 सितम्बर।** 39 वॉ चक्रधर समारोह 2024 के अवसर महिला एवं पुरूषों के अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 11 एवं 12 सितम्बर तथा 13 से 15 सितम्बर तक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रामलीला मैदान, रायगढ़ में होगा।

कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये छत्रसाल अखाड़ा नई दिल्ली, रायपुरा कुश्ती एकेडमी (नेवी) हरियाणा, सुशील कुमार कुश्ती एकेडमी हिसार हरियाणा, चौधरी चरण सिंह अखाड़ा मेरठ, कर्नाटका व्यायाम शाला कर्नाटक, मेहर सिंह अखाड़ा रोहतक, मास्टर चांदगीराम अखाड़ा दिल्ली, महाराष्ट्र कुश्ती संघ पुणे एवं गोवा कुश्ती एकेडमी गोवा के महिला एवं पुरूष पहलावानों को आमंत्रण भेजा गया है। सभी एकेडमी एवं अखाड़ा के संचालकों ने अपने श्रेष्ठ महिला एवं पुरूष पहलवानों को भेजने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस प्रतियोगिता के संचालन के लिये अंतराष्ट्रीय रेफरी अजीत मानदीपक चाहर, जशबीर सिंह ढ़ाका एवं महिला रेफरी प्रतिभा दुबे भी उपस्थित रहेंगी। कुश्ती प्रतियोगिता में जो पहलवान अपना दॉव-पेच दिखायेंगे इनमें 57 से 75 किलोग्राम वजन में उत्तर प्रदेश मेरठ से विशाल तोमर,



विनय तोमर, यशकुमार, अर्जुन प्रधान, सतेन्द्र तोमर, निशांत कुमार, भानू, निहाल गुप्ता, वंश, हिमांशू, लक्की, आलोक कुमार शामिल होंगे। इसी तरह 56 से 110 किलो ग्राम वजन में दिल्ली से अनिरूद्ध कुमार, आशीष, विशाल, अतुल, निखिल, सागर, अमित, सुमित, विकास, आशीष, 57 से 110 किलोग्राम वजन में उत्तर प्रदेश से लक्ष्मण यादव, सचिन मिरी, शेर बहादुर, 50 से 110 किलो ग्राम में छत्तीसगढ़ दुर्ग से लक्की यादव, सत्येन्द्र निषाद, सुनील निषाद, शेख फरदीन, संतोषी चंद्राकर, 55 से 110 किलो ग्राम में छत्तीसगढ़ भिलाई से विशाल पांडे, पवन कुमार, शुभांकर यादव, सतपाल यादव, सत्येन्द्र कुमार यादव, सचिन पासवान, विजेन्द्र पाल, मृत्युंजय यादव, अंकित यादव, सत्यम कुमार सिंह, हिमांशू यादव एवं अश्वनी कुमार पांडे, 50 से 80 किलोग्राम वजन में छत्तीसगढ़ धमतरी से कुनाल यादव, मनीष यदु, गिरजा शंकर, अरियन्त भोय, हर्ष चंद्रवंशी, संदीप यदु, यनेश साहू, वेद कुमारी नेताम, लक्ष्मी साहू, लोकेश्वर निषाद एवं कु.मोनिका भोय शामिल है। इसी तरह 55 से 76 किलोग्राम वजन में महिला पहलवानों में शीतल, अंजली, डोली, रेनु, सुची, खुशबू, वाशु, अंजली एवं वर्षा शामिल है। महिला एवं पुरूष पहलवानों के चार वजन वर्ग में प्रतियोगिता होगी, जिसमें विजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार भी प्रदान की जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ का सहयोग मिल रहा है।

### कबड्डी प्रतियोगिता में महिला-पुरूष दिखायेंगे अपना जौहर

चक्रधर समारोह 2024 के अवसर महिला रामलीला मैदान में 13 से 15 सितम्बर तक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें पुरूष एवं महिला दोनों वर्ग शामिल होंगे। पुरूष वर्ग में कुल 13 टीम शामिल है। इनमें विकासखण्ड रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पुलिस विभाग, होमगार्ड, नगर पालिक निगम, बरमकेला, सारंगढ़ एवं पूर्वांचल कबड्डी दल शामिल है। इसी तरह महिला वर्ग में कुल 14 टीम शामिल होंगी। इनमें विकासखण्ड रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पुलिस विभाग, होमगार्ड, नगर पालिक निगम, बरमकेला, सारंगढ़, अडानी पावर क.लि. एवं जिंदल पावर तमनार क.लि.शामिल है।

### एसडीएम नम्रता चौबे ने कोकड़ी में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया

**महासमुंद 7 सितंबर ।** सरायपाली अनुविभाग की राजस्व अधिकारी (आईएएस) सुश्री नम्रता चौबे ने आज ग्राम कोकड़ी में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गिरदावरी की प्रक्रिया को नजदीक से देखा और त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सुश्री चौबे ने कहा कि गिरदावरी फसलों की जानकारी एकत्रित करने का एक महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि से किसानों और राजस्व विभाग के बीच गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को सटीक और समय पर जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए।

# आत्मनिर्भर निरूपा साहू अब उड़ाती है ड्रोन

## 80 एकड़ खेत में ड्रोन से दवाई छिड़काव कर 25 हजार रुपय की आमदनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 7 सितम्बर।** महिलाएं अब घर की चार- दीवारी और चूल्हा- चौका के काम तक ही सीमित नही रह गई है। वे दिन - प्रतिदिन नित नए आधुनिक कार्य को सीखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का सतत प्रयास कर रही है। इन्ही प्रयासों में से एक बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम लाहौद निवासी निरूपा साहू अब गांव में ड्रोन वाली दीदी के नाम से जानी जाती है।

निरूपा साहू बतलाती है कि उनका मूल घर ग्राम करदा है. लेकिन अब ये लोग लाहौद में ही निवासरत है। मेरे पति नकुल प्रसाद साहू लवन जिला सहकारी सोसायटी में कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में कार्य करते है। हमारे दो लड़के है। एक लड़का अभी कक्षा चौथी और दूसरा कक्षा दूसरी में पढ़ाई कर रहे है। मैं भी 12 वी तक पढ़ी हुई हूं। बचपन से ही मुझे बाहर जाकर कुछ काम करने का मन था ताकि मैं अपने पति के साथ कंधे से कंधे मिलाकर उनकी सहयोगी बन सकूं और घर के खर्चों में अपना योगदान दे पाऊं। मैं बिहान के अंतर्गत वैभव लक्ष्मी स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई हुं। एक दिन कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा ड्रोन चलाने वाले काम के बारे में बताया गया। मैंने इस कार्य में भविष्य की संभावनाएं को



देखते हुए तत्काल हामी भर दी। उसके बाद ईफ्को कंपनी की सहायता से नमो ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग लेने ग्वालियर इंस्टिट्यूट में गई थी। जहां मुझे 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिग के बाद आरपीसी लाइसेंस मिला है। वापस गांव आकर मैं ड्रोन दीदी के रूप में कार्य कर रही हूं।

निरूपा आगे बतलाती है कि अप्रैल माह में मुझे यह ड्रोन मिला है और तब से वह ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेत में दवाई छिड़काव करने का कार्य कर रही है। 300 रूपये एकड़ के हिसाब से चार्ज लेती है। अब तक गांव के लगभग 80 एकड़ खेत में ड्रोन से दवाई का छिड़काव कर चुकी है। जिससे मुझे 25 हजार रूपये की आमदनी हुई है। ड्रोन से ना केवल निरूपा साहू को फायदा हुआ है बल्कि किसानों को भी इसका सीधा लाभ मिला है। किसान परमेश्वर वर्मा कहते है कि पहले दवाई छिड़काव स्पियर से किया जाता था जिससे बहुत टाइम और खर्च अधिक लगता था। लेकिन ड्रोन के माध्यम से महज कुछ मिनटों में ही यह कार्य पूर्ण हो जाता हैं और दवाइयों का बेहतर रूप से छिड़काव हो जाता है।गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत आने वाले चार वर्षों में 15 हजार स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा और कृषि क्षेत्र में उर्वरकों का छिड़काव, फसलों में खाद डालना, फसल वृद्धि की निगरानी करना, बीज बोना आदि के लिए ड्रोन चलाने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि नई प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कौशल प्रदान कर महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा किया जा सके।

## समाचार संक्षेप

### खड़मा की खुशी साहू ने 'ऑल इंडिया एनएसओ टेस्ट' में हासिल किया 6वां रैंक

**छुरा, 7 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छुरा ग्राम तुमगांव में स्थित संस्थान इंडियन पब्लिक हाई स्कूल में कक्षा सातवी में अध्यनरत खुशी साहू पिता देवशरण साहू ग्राम खड़मा ने जैसे ही ' ऑल इंडिया एन.एस.ओ. टेस्ट' मे 6 रैंक हासिल किया तो हर जगह से शुभमानाओं की होड़ सी लग गई सभी खुशी साहू की सराहना किए जा रहे है और साथ ही इस बात की खुशी भी जाहिर कर रहे हैं कि बालिका ने अपने प्रथम प्रयास में ही वह मुकाम हासिल कर लिया है जिसके लिए कइयों को पता नहीं कितने प्रयास लगते है। इस ऑनलाइन टेस्ट में खुशी साहू



ने जो ख्याति प्राप्त की हैं उसके बदले से उन्हे 'इसरो सेंटर' जाने का भी मौका मिला है और साथ ही पुरुस्कार स्वरूप 'एचपी' गैजेट भी प्रदान किया जाएगा। बालिका की इस उपलब्धि पर उनके पालकों का कहना हैं की उन्हे खुशी की काबिलियत पर शुरू से ही भरोसा है और उसने उनके भरोसे को इस उपलब्धि से सही साबित भी किया है। सभी पालकों के साथ- साथ सभी शिक्षकों ने भी खुशी साहू की इस उपलब्धि पे उन्हे ढेरों शुभकामनाएं दी हैं। जिसमें प्रीतम साहू (संस्थापक), रेवेंद्र दीक्षित (प्राचार्य), प्राची साहू (प्रबंधक), सुरेश साहू, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगलादेवी राजपूत, हेमलता पटेल, पद्मनी साहू, प्रेरणा साहू, मानसी ध्रुव, रागिनी यादव, यमुना नेताम, दिशा साहू, सुशीला साहू, उषा यादव, सैलेंद्री साहू, कीर्ति पटेल, मोनिका यादव, मोनिस्का यदु, मुस्कान चंद्राकर, मनोज साहू, गिरीश साहू, सुजीत साहू, राजेश साहू, बिरेंद्र साहू, सपन वैसनाव, डिगेश बघेल आदि प्रमुख रहे।

### आपराधिक प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपए की वसूली करने वाला पत्रकार गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 7 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के विभिन्न लोगों को अपने झांसे में लेकर उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली करने संबंधी मामले में थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 384, 389, 34 भादवि में कुल 04 अपराध दर्ज किया गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में मोंटी उर्फप्रत्युष मरैया, महान मिश्रा, रवीना टंडन, दुर्गा टंडन, पुष्पमाला फेकर, शिरीष पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अंजोर सिंह मांझी सहित 07 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में पूर्व में पकडे गए आरोपियों से पूछताछ पर, प्रकरण में संलिप्तता तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर 6 अगस्त को पत्रकार आशीष शुक्ला उम्र 40 साल निवासी गांधी चौंक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में अब तक कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व की तैयारी जोरों पर



**भाटापारा, 7 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर 2024 की तैयारियां जोर-जोर से चल रही है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने बतलाया पर्यूषण पर्व के पूर्व मंदिर में विराजमान सभी प्रतिमाओं का प्रक्षाल मार्जन किया जाता है, पर्युषण पर्व के पूर्व मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने मंदिर में भगवान की प्रतिमाओं का मार्जन का कार्यक्रम संपन्न किया। आगामी 8 सितंबर से 17 सितंबर तक पर्युषण पर्व, दशलक्षण महापर्व संपन्न होगा। प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे मंगलाष्टक, 7:00 बजे भगवान का मंगल अभिषेक, 7.30 शांतिधारा, 8:00 बजे से पूजन प्रारंभ की जाएगी। रात्रि में मां जिनवाणी की स्तुति, भगवान की मंगल आरती, शास्त्र प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी और दशलक्षण पर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

### छात्रों का स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने लगाया जाएगा शिविर

**तिल्दा-नेवरा, 7 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रायपुर के निर्देशानुसार विकासखंड तिल्दा नेवरा के सभी हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में उन छात्रों का स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाया जाएगा, जिनका अभी तक नहीं बन पाया है। शिविर का आयोजन स्वामी आमानंद हायर सेकंडरी स्कूल खपीनस में 7 सितंबर को प्रातः 11:00 बजे, विषदर्शनी स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल तिल्दा में 7 सितंबर प्रातः 11:00 बजे, स्वामी आल्यानंद हायर सेकंडरी स्कूल राचखेवा में 9 सितंबर प्रातः 11:00 बजे, शासकीय हाईस्कूल नेवरा- के लिए तिथि और समय बाद में घोषित किए जाएंगे। छात्रों को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होना आवश्यक है। यह शिविर शासन की प्राथमिकता में है, इसलिए सभी छात्रों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वही इस मामले में तिल्दा एसडीएम आशुतोष देवांगन ने कहा की कलेक्टर महोदय के निर्देश पर शासकीय स्कूल के बच्चो को जाती प्रमाण पत्र न बनने के कारण होने वाली समस्या को दूर करने करने के लिए यह शिविर लगाया जा रहा जिसमें शासकीय स्कूल के विद्यार्थी अपने जरूरी दस्तावेज लाकर जाती प्रमाण पत्र बनवा सकते है जाती प्रमाण पत्र उसी दिन जारी किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ में 6,285 बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति होगी निरस्त

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- प्राइमरी स्कूल में भर्ती के हकदार नहीं, हाईकोर्ट का फैसला सही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 7 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के प्राइमरी स्कूल में नियुक्त 6285 बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति निरस्त करने हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया और कहा कि प्राइमरी स्कूल में भर्ती के ये हकदार नहीं।

साल 2023 में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए प्राइमरी स्कूलों में बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति की थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा था कि 11 अगस्त के फैसले के बाद बीएड डिग्रीधारियों को प्राइमरी स्कूलों के पद पर अपॉइंटमेंट नहीं दिया जा सकता है। इसके बाद भी देश में केवल छत्तीसगढ़ इकलौता राज्य है, जहां बीएड डिग्रीधारकों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति दी है।



#### हाईकोर्ट ने नियुक्तियां निरस्त करने दिया है आदेश

राज्य शासन की इन नियुक्तियों को चुनौती देते हुए डिप्लोमाधारी उम्मीदवारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद बीएड डिग्रीधारियों को सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति दी गई है, जो अवैधानिक है। विभाग की ओर से पहला नियुक्ति पत्र 20 सितंबर 2023 के बाद दिया गया, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को इस मामले में फैसला दिया था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सहायक शिक्षक पद पर केवल डिप्लोमाधारियों का अधिकार है। इसमें बीएड वाले अवैध रूप से नौकरी कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए 6 सप्ताह के भीतर बीएड डिग्रीधारकों को सहायक शिक्षक के पद से बाहर करने का आदेश दिया है।

#### हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटीशन

हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ राज्य शासन के साथ ही बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी और रिव्यू पिटीशन लगाई। बीते 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने रिव्यू पिटीशन को खारिज कर दिया था। जबकि, राज्य शासन और बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की एसएलपी पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान तर्कों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस पंकज मिथल की बेंच ने सभी एसएलपी को खारिज कर दिया है। साथ ही छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले को सही माना है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन ने 4 सितंबर 2023 को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को बीएड उम्मीदवारों की योग्यता को प्राइमरी स्कूलों के लिए अवैध माना है। इसके लिए सभी राज्यों को दिशानिर्देश भी जारी किए गए थे। इसके बाद भी बावजूद छत्तीसगढ़ में नियुक्तियां दी गई जो की पूरी तरह से अवैध है। कोर्ट ने यह भी कहा कि देवेश शर्मा बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद बीएड अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी गईं, जो अवैधानिक है।

#### 12489 पद, 6285 बीएड डिग्रीधारियों की नियुक्ति

शिक्षा विभाग ने 2023 में 12 हजार 489 पदों का विज्ञापन जारी किया था, जिसमें से 6285 पद सहायक शिक्षक के थे। सहायक शिक्षक की योग्यता को लेकर छत्तीसगढ़ में मामला लंबित था। इस बीच राज्य शासन ने सहायक शिक्षकों की पदों पर भी बीएड धारकों को शर्तों के आधार पर नियुक्तियां दे दी। जिसके खिलाफ डिप्लोमाधारियों ने हाईकोर्ट की शरण ली।

## एक पौधा पेड़ बनकर कई लोगों को अक्सीजन देता है : साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 7 सितम्बर।** तीज के पावन दिवस पर मयूर परिवहन एवं युवा ब्राह्मण समाज भाटापारा द्वारा धान संग्रहण केंद्र देवरी में प्राणवायुदायीं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन विधायक इंद्र साव के आतिथ्य में संपन्न हुआ।इस दौरान सर्वाधिक आक्सीजन देने वाले लगभग 50 पौधे पीपल, नीम, बरगद प्रजाति के लगाए गए। कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजको को बधाई देते हुए युवा विधायक इंद्र साव ने कहा की 1 पौधा सिर्फ 1 प्राणी को जीवन बचाने के लिए उपयोगी नही होता बल्कि उसके आक्सीजन से प्रत्येक जीव जंतु को जीवन दान मिलता है। उन्होंने

सुदूर वनवासियों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता का जिक्र करते हुए कहा कि हम खुद को शिक्षित कहते हैं तो पर्यावरण रक्षा के प्रयास हमारी जिम्मेदारी है, उन्होंने आयोजकों के प्रयास की सराहना की एवं उपस्थित जन समुदाय से ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रहने की अपील करते हुए कहा की जिस तरह हम अपने बच्चे को बड़ा करने उसकी अच्छे से परवरिश करते है ठीक उसी तरह हमे भी इस पोधे को वृक्ष बनते तक परवरिश करनी होगी।



मयूर परिवहन के संचालक राधेश्याम शर्मा फगा ने कहा कि अगली पीढ़ी के भविष्य के लिए पर्यावरण सुधार हमारी महती जिम्मेदारी है। युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि विश्व की दो बड़ी समस्या है, युद्ध और पर्यावरण युद्ध पर नियंत्रण असंभव है मगर पर्यावरण के लिए प्रयास हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन संतोष पुरोहित द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ईश्वर सिंह ठाकुर, आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हर गोपाल शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा लच्छू, राजेंद्र जोशी, जितेंद्र तिवारी, संग्रहण केंद्र प्रभारी नारायण सिंह चंदेल, किशोर रजक, संजय ठाकुर सत्यजीत शिंदे सहित सौरभ शर्मा, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ जोशी, साकेत उपाध्याय, अमितेश शुक्ल दीपक साहू, अमन भाट, कुंजीलाल देवांगन देवरी, चौवन वर्मा, टेकराम धृतलहरे, कमलेश्वर वर्मा, प्रतीक यादव, सूर्य बाली दिवाकर, पवन साहू, हरि घृतलहरे, पुनाराम सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

## जिले के 15 सौ से अधिक स्कूलों में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी 1561 शासकीय स्कूलों हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने बताया कि शिक्षक दिवस के मौके पर जिले के 888 प्राथमिक शालाओं, 469 उच्च प्राथमिक शालाओं, 70 हाई स्कूल एवं 134 हायर सेकेण्डरी शालाओं में शिक्षक दिवस का आयोजन छात्र-छात्राओं द्वारा हर्षोल्लास से किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा संस्था में कार्यरत शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अधिकांश शालाओं के जनभागीदारी समिति के सदस्यों द्वारा भी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

गौरतलब है की देश के प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली



जब 1962 में भारत के राष्ट्रपति बने तो उनके जन्म दिन पर कुछ छात्र उनसे मिलने आये व जन्मदिन मनाने के लिये आग्रह किये तब डॉ. राधाकृष्णन ने छात्रों से यह दिन शिक्षको को समर्पित करने को कहा। उस दिन से 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। यह दिन अपने शिक्षकों के समर्पण, मार्गदर्शन व योगदान के प्रति आभार प्रकट करने का दिन है। यह दिन गुरू और शिष्य के रिश्ते के लिये बेहद खास होता है।

शिक्षक ही हमारे जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर उसे ज्ञान के प्रकाश से भरते है। शिक्षक हमें सिर्फ पढ़ाते नही है वे हमारे भविष्य को आकार भी देते है। हमे जिम्मेदार नागरिक बनाते है। शिक्षक ज्ञान, समृद्धि और प्रकाश का महान श्रोत है। जिससे हम अपने पूरे जीवन में लाभ उठाते है।

### छत्तीसगढ़ मानस संगठन का तुलसी जयंती समारोह एवं वार्षिक स्नेह सम्मेलन भठेली में सम्पन्न

# संसार का सबसे महान ग्रंथ है रामचरितमानस : पुष्पलता देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 7 सितम्बर।** नगर पंचायत भठेली भखारा के वार्ड क्रमांक -11 दुर्गा मंच में संत गोस्वामी तुलसीदास की जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास, मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन पश्चात आरंभ हुई। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पलता रामगोपाल देवांगन, छत्तीसगढ़ मानस संगठन के संस्थापक चम्पेश्वर सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि प्रमुख सलाहकार मनमोहन साहू छ. ग. मा. संगठन, छ.ग.मानस संगठन महासचिव राधा मोहन साहू, आजीवन सदस्य हरखचंद जैन समाजसेवी, संरक्षक संतोषी निषाद छ.ग मानस संगठन, जिलाध्यक्ष एस. डी.मानिकपुरी छ.ग.मानस संगठन जिला धमतरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सचिव दुलरवा राम साहू, व्याख्याता खेदुराम साहू, आजीवन सदस्य चित्रसेन साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष गनराज सिन्हा धमतरी, संरक्षक एवं उद्घोषक कन्हैया लाल साहू, छ.ग मानस संगठन तहसील भखारा अध्यक्ष नितेश मानिकपुरी एवं समस्त सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। पूजा अर्चना पश्चात उपस्थित अतिथियों का पुष्प हार, बैज, शाल श्रीफल से मंचीय अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पलता देवांगन ने अपने उद्बोधन में संत शिरोमणि पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास की जीवनी, एवं अद्भुत जन्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी लिखी रामचरितमानस संसार की सबसे महान ग्रंथ है। भगवान राम के आदर्शों को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए, रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है वर्तमान जीवन परिवेश में आज राम और रामायण बहुत ही प्रासंगिक है। तत्पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष चंपेश्वर सिंह राजपूत द्वारा तहसील भखारा तहसील कुरुद एवं जिला धमतरी के निर्वाचित पदाधिकारी, संरक्षणगण, सलाहकार, प्रबंधकार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण



कराया गया। तहसील भखारा संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ मानस संगठन के संस्थापक प्रांतीय अध्यक्ष चम्पेश्वर सिंग राजपूत, छ. ग.मानस संगठन धमतरी जिला अध्यक्ष एवं संयोजक एस.डी.मानिकपुरी, उपाध्यक्ष जयप्रकास साहू, सचिव दुलरवा राम साहू का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के पश्चात मंच पर पंजीकृत मानस मंडली रुद्रेश्वर महादेव मानस मंडली परसुली गुरुर जिला बालोद, राम रसिया मानस परिवार सिहाद भखारा जिला धमतरी, जय चंडी मानस परिवार सिंगदेही, श्रद्धा महिला मानस मंडली ओझागहन सनौद जिला बालोद, जय दुर्गे मानस मंडली भखारा द्वारा निरंतर रामकथा की अमृत धारा प्रवाहित होती रही।

रात्रि मे कृष्ण राऊत नाचा मंडली ग्राम सिंगदेही द्वारा कृष्ण जन्म की कथा का सुमधुर गायन, नृत्य कलाकारों तथा वादकों ने परम्परागत वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुति दी गई, देर रात तक दर्शकों ने कार्यक्रम का आनंद लेते हुए भावविभोर होते रहे। कार्यक्रम के समापन में पूर्व न. प. भखारा अध्यक्ष भरत नाहर, विशिष्ट अतिथि होमेंद्र साहू आजीवन सदस्य मानस संगठन, एकनाथ साहू अधिवक्ता एवं आजीवन सदस्य, अजय कुमार जैन आजीवन सदस्य, जितेंद्र कुमार तेलासी अधिवक्ता एवं संरक्षक, दिलीप कुमार साहू आजीवन सदस्य, हनुमान प्रसाद साहू से. नि शिक्षक, के. डी.मानिकपुरी से. नि.शिक्षक, नेकराम बंधु अध्यक्ष बस्ती पंचायत भठेली, डुमेंद्र गंगबेल आजीवन सदस्य, गजेंद्र नारायण साहु देवरी, संत राम साहू व्याख्याता भखारा, गणपत राम साहू, देवेंद्र सेन सचिव बस्ती पंचायत, अशोक साहू, ओमप्रकाश निषाद जोरातराई, संरक्षक बिरसिंग यादव सिंगदेही, राजकुमार ध्रुव सुपेला, ईश्वर साहू भैसबोड़, रामेस्वर निर्मलकर कोलियारी सहित भारी संख्या मे मानस प्रेमी उपस्थित रहे।


### पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत ईसी पहचान नंबर **EC24A1003CG5988535N Dated 04.09.2024** के द्वारा हमारे ग्राम-बोरिया, तहसील-बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड परियोजना के तहत स्पंज आयरन क्षमता 2,31,000 टन/वर्ष, एम.एस. बिलेट्स क्षमता 2,32,848 टन/वर्ष, रिरोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स थ्रु हॉट चार्जिंग एवं रिहिटिंग फर्नेस क्षमता 2,25,863 टन/वर्ष (थ्रु हॉट चार्जिंग क्षमता 1,71,144 टन/वर्ष एवं रिहिटिंग फर्नेस क्षमता 54,719 टन/वर्ष), कैप्टिव पॉवर 25 मेगावाट (16 मेगावाट थ्रु डब्ल्यूएचआरबी एवं 9 मेगावाट थ्रु एएफबीसी) एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स क्षमता 34,600 टन/वर्ष की परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय किया है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग तथा मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

**स्थानः- बेमेतरा (छ.ग.)**
**दिनांकः- 05.09.2024**

**मेसर्स नीरगंगा इस्पात प्रायवेट लिमिटेड**
स्थल ग्राम-बोरिया, तहसील-बेरला,
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

### Public Notice Regarding Grant of Environment Clearance

The Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India, has granted Environment Clearance vide its EC Identification No. **EC24A1003CG5988535N Dated 04.09.2024** for our proposed Greenfield plant at Village- Boria, Tehsil Beral, District- Bemetara (C.G) for implementation of Sponge Iron 231,000 TPA; MS Billets 232,848 TPA; Rerolled Steel Products through Hot Charging & through Reheating Furnace 225,863 TPA; (171,144 TPA thru Hot Charging & 54,719 TPA through Billet Reheating Furnace); Captive Power of 25MW (16MW through WHRB & 9MW through AFBC); and Fly Ash Bricks 34,600 TPA. The copy of the same is available at Ministries website (www.parivesh.nic.in) as well as RO (Durg) and HO (Atal Nagar Nava Raipur) of Chhattisgarh Environment Conservation Board.

**Place: Bemetara (C.G.)**
**Date: 05.09.2024**

**M/s. Neerganga Ispat Private Limited**
Village- Berla, Tehsil- Berla,
District- Bemetara (C.G)

